रविवार, 27 अप्रैल 2025

मौसम
तापमान 34 – 26
आर्द्रता 78%
सूर्योदय: 5:08 सूर्यास्त: 18:01

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : कमजोर सिर्फ वह होता है जिसे अपनी ताकत पर भरोसा नहीं होता है।



भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा तनाव रहा है, वे इसका हल निकाल लेंगे: ट्रंप –पृष्ठ 7

# पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में आतंकियों व समर्थकों के कई घर ध्वस्त

## आतंकी हमले की जांच करेगी एनआईए, गृह मंत्रालय ने सौंपी जिम्मेदारी

**श्रीनगर :** केंद्र शासित प्रदेश के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अधिकारियों ने कश्मीर में आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की, जिसमें उनके (आतंकवादियों) घरों को ध्वस्त किया गया, ठिकानों पर छापेमारी की गई तथा पूछताछ के लिए सैकड़ों आतंकी मददगारों को हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 48 घंटों में पांच आतंकवादियों और उनके मददगारों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि श्रीनगर में ‘‘आतंकवाद समर्थित तंत्र को ध्वस्त करने के लिए’’ शनिवार को 60 से अधिक स्थानों पर छापेमारे की गई। अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने सतर्कता बढ़ा दी है और लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पूरे जिले में मोबाइल

### सैकड़ों लोग हिरासत में

वाहन जांच चौकियां स्थापित की गई हैं ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल घाटी में मौजूद ज्ञात आतंकवादियों और उनके समर्थकों की तलाश कर रहे हैं, ताकि पहलगाम जैसे किसी भी हमले को विफल किया जा सके। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों की गोलीबारी में कम से कम 26 लोग मारे गए हैं, जिनमें अधिकतर पर्यटक शामिल थे। इस हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि हम धरती के आखिरी छोर तक उनका (पहलगाम के हमलावरों का) पीछा करेंगे। सुरक्षा बलों द्वारा बृहस्पतिवार रात को दो सक्रिय आतंकवादियों – अनंतनाग जिले के बिजबेहरा क्षेत्र में आदिल थोकर और पुलवामा जिले के त्राल क्षेत्र में आसिफ शेख के घरों पर छापेमारी के बाद रहस्यमय विस्फोट हुए जिसमें उनके घर नष्ट हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम में पर्यटकों की नृशंस हत्या में शामिल तीन आतंकवादियों में से एक के रूप में थोकर का नाम सामने आया है, लेकिन हमले में शेख की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात दक्षिण कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में कथित आतंकवादियों के घर ध्वस्त कर दिए गए।



जम्मू-कश्मीर के माछिल सेक्टर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार और गोला-बारूद बरामद

### खुफिया एजेंसियों ने 14 संदिग्ध आतंकवादियों की लिस्ट बनाई

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में गम और गुस्सा है। इस बीच, खुफिया एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 14 लोकल आतंकवादियों की एक लिस्ट तैयार कर ली है। ये लोकल आतंकी, पाकिस्तानी दहशतगर्दों के मजबूत मददगार हैं। ना सिर्फ ये स्थानीय स्तर पर सपोर्ट और लॉजिस्टिक सहायता देते हैं, बल्कि आतंकियों को पनाह और संसाधन भी मुहैया कराते हैं। सुरक्षा बलों ने तय कर लिया है कि अब इनका बारी-बारी से सफाया होगा। इन आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू हो चुकी है और इनके घरों को भी जल्द ही जमींदोज किया जाएगा।

# भारत ने झेलम में छोड़ा पानी और पाकिस्तान में आ गई बाढ़, दहशत में आए लोग, लगी इमरजेंसी

**श्रीनगर :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया है। इस बीच भारत की ओर से शनिवार (26 अप्रैल,2025) को पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद के हट्टिन बाला इलाके में झेलम नदी में पानी छोड़ दिया गया। इसकी वजह से मुजफ्फराबाद प्रशासन ने वॉटर इमरजेंसी का ऐलान कर दिया है। दरअसल, झेलम नदी में पानी छोड़ जाने की वजह से मुजफ्फराबाद में अचायक भयंकर बाढ़ आ गई। जानकारी के मुताबिक उरी में अनंतनाग जिले से चकोठी में पानी घुसने से झेलम नदी में अचानक भयंकर बाढ़ आ गई, जिससे स्थानीय लोगों में डर और दहशत फैल गई।



### केंद्र सिंधु संधि के तहत पाकिस्तान के हिस्से के पानी के अधिकतम उपयोग पर अध्ययन की योजना बना रहा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार उन तीन नदियों के पानी की मात्रा का अधिकतम उपयोग करने के तरीकों पर अध्ययन करने की योजना बना रही है, जिनका इस्तेमाल पाकिस्तान सिंधु जल संधि के तहत कर रहा था। सिंधु समझौते को अब निलंबित कर दिया गया है। यह प्रस्ताव शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में रखा गया, जिसमें 1960 की सिंधु जल संधि पर भविष्य की कार्रवाई के संबंध में चर्चा की गई। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाते हुए भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया। संधि के स्थगित होने के बाद सरकार सिंधु, झेलम और चिनाब के पानी का उपयोग करने के तरीकों पर विचार कर रही है।


## WALK IN INTERVIEW
[Between 10:30am - 12pm]

## THE CAG SCHOOL
(An ISO 9001-2015 Certified)
6, Pollock Street, Kolkata-700001,
Land Mark : Tea Board, Brabourne Road,
Ph : 92309 87139 / 92309 87140

Teachers below 40 years are required for...

| Date | Subject | Qualification |
| --- | --- | --- |
| 28.04.25 | Pre-Primary & Primary Section | Min. - Graduate T.T.C / B.Ed. / Montessori |
| 28.04.25 | AI & Robotics | Min. - BCA / MCA with experience in AI & Robotics |
| 29.04.25 | History / Political Science / Physics / Chemistry / Biology | Min. - Post Graduate with Specified subject & B.Ed. |
| 30.04.25 | German / French | C1 Advanced German / French Proficiency Level |
| 30.04.25 | Telecaller | At least 3 years experience in Front Office |


# नाबालिग का स्तन छूने का प्रयास दुष्कर्म की कोशिश नहीं : हाई कोर्ट

- **कोर्ट ने रद्द किया निचली अदालत का फैसला, कहा... ‘इसे गंभीर यौन उत्पीड़न माना जाएगा’**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य की एक निचली अदालत द्वारा एक आरोपित को दोषी ठहराने और सजा सुनाने के पहले के आदेश को निलंबित करते हुए कहा कि पीड़िता के स्तन छूने का प्रयास यौन पोक्सो अधिनियम के तहत के तहत केवल गंभीर यौन उत्पीड़न के आरोप का समर्थन कर सकता है, न कि दुष्कर्म के प्रयास का। बता दें कि निचली अदालत ने आरोपित को गंभीर यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म का प्रयास दोनों का दोषी पाया और उसे 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने यह भी कहा कि मामले में पीड़िता की मेडिकल जांच में दुष्कर्म के प्रयास का संकेत नहीं मिला। पीड़िता के बयान के अनुसार आरोपित ने शराब के नशे में उसके स्तन छूने का प्रयास किया। खंडपीठ ने कहा कि कहा कि यदि अंतिम सुनवाई के बाद आरोप को केवल गंभीर यौन उत्पीड़न कर दिया जाता है, तो दोषी के लिए कारावास की अवधि भी 12 वर्ष से घटकर पांच से सात वर्ष के बीच हो जाएगी।

# ममता ने आतंकी हमले में मारे गए बंगाल के तीन पर्यटकों के परिवार को 10-10 लाख की आर्थिक सहायता की घोषणा

- **मृतकों में शामिल बितान सरकार के बुजुर्ग माता-पिता को 10 हजार रुपये पेंशन भी दी जाएगी**
- **आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान हुए सैनिक के परिवार को भी 10 लाख रुपये और नौकरी देने की घोषणा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हाल में हुए आतंकी हमले में मारे



गए राज्य के तीन पर्यटकों के परिवार को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को इसकी घोषणा की। ममता ने कहा कि पीड़ित परिवार की ओर से मांग करने पर राज्य सरकार आश्रित को नौकरी भी देगी। ममता ने इसके साथ जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में गुरुवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान हुए बंगाल के नदिया जिला निवासी भारतीय सेना में पैरा कमांडो हवलदार झंटू अली शेख के परिवार को भी 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और पत्नी को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। ममता ने पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों में शामिल कोलकाता के बितान अधिकारी के बुजुर्ग माता-पिता को मासिक 10 हजार रुपये पेंशन देने की भी घोषणा की। साथ ही उनके खराब स्वास्थ्य को देखते हुए राज्य सरकार उन्हें स्वास्थ्य साथी कार्ड भी मुहैया कराएगी। ममता ने कहा कि 10 लाख की आर्थिक सहायता में से पांच लाख बितान के माता-पिता जबकि पांच लाख रुपये उसकी पत्नी को दी जाएगी। ममता ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार संकट की इस घड़ी में मृतकों के स्वजनों के साथ हैं।







# भारत और चीन ने जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला किया

**नयी दिल्ली :** भारत और चीन जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करेंगे। पांच साल के अंतराल के बाद यह यात्रा होने जा रही है। इस कदम को पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध से बुरी तरह प्रभावित दोनों देशों के संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह यात्रा जून से अगस्त तक दो मार्गों – उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा और सिक्किम में नाथू ला के जरिए होगी। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित कैलाश पर्वत और मानस-रोवर झील की तीर्थयात्रा का हिंदुओं के साथ-साथ जैन और बौद्धों के लिए भी बड़ा धार्मिक महत्व है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ‘‘विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 तक होने वाली है।’’

# आक्रमणकारियों से परास्त नहीं होना भी धर्म का हिस्सा : मोहन भागवत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि अहिंसा का सिद्धांत हिंदू धर्म में निहित है, जिसमें कहा गया है कि हमलावरों से परास्त नहीं होना भी कर्तव्य का हिस्सा है। उन्होंने एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अहिंसा के सिद्धांत लोगों को इस विचार को अपनाने पर आधारित हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, ‘‘कई लोग इन सिद्धांतों को पूरे दिल से अपनाते हैं, जबकि अन्य ऐसा नहीं करते हैं और परेशानी बढ़ाते रहते हैं। ऐसी स्थिति में धर्म कहता है कि हमलावरों से परास्त नहीं होना भी धर्म (कर्तव्य) का हिस्सा है। गुंडों को सबक सिखाना भी कर्तव्य का हिस्सा है।’’ उन्होंने कहा कि भारत ने कभी भी अपने पड़ोसियों को नुकसान नहीं पहुंचाया है, लेकिन अगर कोई बुरी नजर डालता है तो उसके पास कोई विकल्प नहीं बचता। संघ प्रमुख ने कहा, ‘‘हम कभी भी अपने पड़ोसियों





का अपमान या नुकसान नहीं करते। लेकिन अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य लोगों की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।’’ भागवत ने सनातन धर्म को सही अर्थों में समझने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ‘धर्म तब तक धर्म नहीं है जब तक वह सत्य, शुचिता, करुणा और तपस्या के चार सिद्धांतों का पालन नहीं करता।’’उन्होंने कहा, ‘‘इससे परे जो भी है वह अधर्म है।’’




## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 अप्रैल, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, वैशाख कृष्णपक्ष अमावस्या, 25:01 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 24:38 तक, योग : प्रीति, 24:18 तक, सूर्योदय: 5:08, सूर्यास्त: 18:01, चन्द्रोदय : 04:24, चन्द्रास्त: 17:38, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 16:22 से 17:57

## साप्ताहिक : राशिफल
## 27-04-25 से 03-05-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग्य जातक का साथ दे सकता है। जातक कई बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य करने में सफल हो सकता है। कई महत्वपूर्ण कार्यों का विस्तार करने में भी सफलता मिल सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर पहुँचने का अवसर जातक को मिल सकता है। समाज सेवा एवं राजनीति में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। व्यापार आदि की दृष्टि से भी पूंजी निवेश करने का अच्छा अवसर है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में चुनौतियाँ पहले की भाँति ही बनी रह सकती है। कार्य-योजनाओं का विस्तार करते समय जातक को थोड़ा चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। निरंतर सक्रियता आदि के बाद भी स्थितियाँ पटरी पर न आने से जातक दबाव या तनाव महसूस कर सकता है। अनेक तरह की चुनौतियाँ एवं घरेलू जिम्मेदारियाँ जातक पर दबाव बना सकती है। ईस्ट मित्रों का सहयोग न मिलने से जातक दबाव महसूस कर सकता है लेकिन अपनी दूर-दृष्टि एवं कार्य-कुशलता से सफलता मिल सकती है लेकिन स्थितियाँ चुनौतिपूर्ण बनी रह सकती है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। राशि स्वामी बुध की नीच अवस्था अभी बनी रहने के कारण जातक के कार्यों में थोड़ी चुनौतियाँ बनी रह सकती है। जातक यदि दूर-दृष्टि एवं कार्य-कुशलता से कार्य करेगा तो कई चुनौतिपूर्ण स्थितियों को पटरी पर लाने में जातक को थोड़ी सफलता मिल सकती है। इस बीच बाजार आदि की स्थितियाँ भी चुनौतिपूर्ण है इसलिए पूंजी निवेश करने से बचे यदि दबाव या परेशानियाँ अधिक महसूस हो तो गाय को हरा चारा खिलाने से राहत मिल सकती है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक का मन उत्साहित बना रह सकता है। सप्ताह के प्रारंभ में कुछ स्थितियाँ अनुकूल बनी रह सकती है। जिससे जातक कार्यों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है लेकिन सप्ताह के मध्य के बाद चुनौतियाँ बढ़ सकती है इस बीच किसी भी तरह के जोखिम से बचे नही परेशानियों का सामना जातक को करना पड़ सकता है। बाजार आदि में सोच-समझकर ही पूंजी निवेश करे नही तो हानि का सामना जातक को करना पड़ सकता है। शिव जी की पूजा से स्थितियाँ अनुकूल हो सकती है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। कार्य की अधिकता रहेगी जिसके कारण जातक कभी-कभी मानसिक तनाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह जातक अपने परिश्रम एवं सूझ-बूझ से कई महत्वपूर्ण कार्यों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों का भी समय अनुकूल है। प्रमोशन आदि का लाभ जातक को मिल सकता है। बाजार में पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है। सूर्य को जल देने से स्थितियाँ अधिक अनुकूल हो सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा अनुकूल रहेगा। बुध की उच्च दृष्टि से एवं शुक्र, शनि के प्रभाव के कारण जातक की स्थितियाँ अनुकूल बनी रह सकती है। जातक अपनी कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में भी सफल हो सकता है। छात्रों के लिए भी समय उत्तम रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में जातक का मन लग सकता है। किसी महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा में विजय मिल सकती है। व्यापार आदि में भी समय उत्तम है बड़े लाभ की स्थितियाँ बन सकती है। गणेश जी की पूजा से स्थितियाँ अनुकूल हो सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक अपनी सक्रियता और सूझ-बूझ से स्थितियों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। कई कार्य-योजनाओं का विस्तार करने मे जातक को परेशानियाँ हो सकती है। ईस्स्ट-मित्रों का सहयोग मिल सकता है। घरेलू सुख-सुविधाओं में भी वृद्धि हो सकती है। घर में कोई मांगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। देश-विदेश की यात्रा का भी योग बन सकता है। किसी देवी की पूजा करने से स्थितियाँ अनुकूल हो सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक अपनी कर्मठता और दूर-दृष्टि से अपनी बड़ी पहचान बनाने में सफल हो सकता है। खिलाड़ियों के लिए समय लगभग अनुकूल है। किसी खेल प्रतिस्पर्धा में जातक को बड़ी सफलता मिल सकती है। शिक्षा या शिक्षण कार्य में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। कोई बड़ी उन्नति जातक प्राप्त कर सकता है। सेना, पुलिस एवं सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। पूंजी निवेश करने पर जातक को बड़ा लाभ मिल सकता है। हनुमान जी की पूजा से स्थितियाँ अधिक अनुकूल हो सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक के कुछ कार्य पटरी पर आ सकते है लेकिन परिश्रम की अधिकता बनी रह सकती है। कई महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तार करते समय जातक को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन निरंतर सक्रियता एवं कर्मठता के कारण जातक अपने कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेगा जिसमें जातक को सफलता भी मिल सकती है। इस सप्ताह जातक को अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। दूर-दूर की यात्राये भी करनी पड़ सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग-दौड़ एवं परिश्रम की अधिकता बनी रह सकती है। जातक यदि दूर-दृष्टि एवं योजनाबद्ध होकर कार्य करेगा तो जातक को कई महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिल सकती है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल हो सकता है। पढ़ाई-लिखाई में भी जातक का मन लग सकता है। किसी प्रतियोगी परीक्षा में जातक को सफलता मिल सकती है। शनि के शाढ़े-शाती के उतर जाने से व्यापार आदि के क्षेत्र में विशेष उन्नति का योग बन सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। लम्बे समय से चली आ रही परेशानियां कम हो सकती हैं और नए एवं महत्वपूर्ण कार्यों के बन जाने से जातक उत्साहित हो सकता है। ईस्ट-मित्रों का भी सहयोग मिल सकता है। निर्माण कार्यों में लगे जातक अपने कार्यों का विस्तार करने में सफल हो सकते है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल हो सकता हे। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। यहाँ इस राशि पर कई ग्रहों की उपस्थिति बनी हुई है। इनमें से कुछ अनुकूल है लेकिन कुछ खराब भी है इसलिए इस राशि के जातकों का कुछ कार्य भी बन सकता है जिससे जातक राहत महसूस कर सकता है लेकिन कुछ बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्यों में चुनौतियाँ बनी रहने के कारण जातक परेशानी महसूस कर सकता है इसलिए इस सप्ताह सोच-समझकर एवं दूर-दृष्टि से कार्य करे, नही तो जातक को हानि का भी सामना करना पड़ सकता है।

# यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ/लखीमपुर खीरी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गये पर्यटकों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चेतावनी दी कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी जिले में शारदा नदी के प्रवाह नियंत्रित करने के कार्य (चैनलाइजेशन) का निरीक्षण और पलिया में जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान वितरण के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के प्रारंभ में पहलगाम में भारत के पर्यटकों पर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश के लोगों की ओर से अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने कहा, ''सभ्य समाज में आतंकवाद और अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार का सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सभी की सुरक्षा पर आधारित है लेकिन अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस) के तहत उसे उसी की ही भाषा में जवाब दिया जाएगा।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए योगी ने कहा, ''यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं।''

### उत्तर प्रदेश में बाढ़ से बचाव की तैयारियों को 10 जून तक कर लिया जाए पूरा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से बचाव को लेकर चलाई जा रही तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि 10 से 12 जून तक इससे जुड़ी परियोजनाएं पूरी कर ली जाएं तथा पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों के समन्वय से योजनाएं तैयार कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को 'दुधवा टाइगर रिजर्व' में समीक्षा बैठक की। उन्होंने यहां वन विभाग एवं पर्यटन विभाग के प्रस्तुतीकरण को देखा तथा फिर जनपद के विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी से जानकारी ली।

## उत्तर प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने का सिलसिला शुरू

**लखनऊ :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को स्वदेश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के जिलों में पड़ताल शुरू कर उन्हें वापस भेजने का सिलसिला शुरू हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रयागराज जिले से एक पाकिस्तानी महिला को शुक्रवार को वापस भेज दिया गया, जबकि शेष तीन महिलाएं शनिवार को लौट जाएंगी। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पाकिस्तान की एक महिला शुक्रवार को यहां से जा चुकी है, जबकि तीन पाकिस्तानी महिलाओं से हमने बात कर ली है और वे आज यहां से निकल जाएंगी। उन्होंने बताया, ''ये सभी अल्पकालिक अवधि के लिए यहां आई थीं। एक महिला इलाज के लिए आई थी। हम स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) के संपर्क में हैं और स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए हैं।'' गाबा ने कहा कि यह (पाकिस्तानी लोगों) पूरे प्रयागराज जनपद का आंकड़ा है और कुल चार पाकिस्तानी जिले में आए थे। वाराणसी में, एक अधिकारी ने बताया कि कुल 10 पाकिस्तानी नागरिकों के रहने की सूचना मिली है जिनमें से एक को शुक्रवार को शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि वहां से अन्य साधन से उसे वापस भेजा जाएगा। वाराणसी के अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) सरवणन टी ने बताया, ''वाराणसी में कुल 10 पाकिस्तानी नागरिकों के होने की सूचना है। केंद्र सरकार के दिशानिर्देश के अनुपालन में अल्पकालिक अवधि पर वाराणसी आए एक पाकिस्तानी बुजुर्ग नागरिक को शुक्रवार को शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली भेजा गया है। दिल्ली से उन्हें पाकिस्तान भेजा जाएगा।'' सरवणन टी ने बताया कि वाराणसी में कोई भी अवैध नागरिक न रहने पाए --इसके लिए शहर में पुलिस जांच कर रही है, किरायेदारों का सत्यापन करा कर उन्हें पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज कराया जा रहा है।

## चंडीगढ़ में सरकारी स्कूल के शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने शहर के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसमें पुरुषों को फॉर्मल कपड़े और महिलाओं को सलवार-कमीज पहन कर आना होगा। विभाग ने शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, ''पोशाक से संबंधित विशिष्टताओं में बताया गया है कि महिला कर्मचारियों को साड़ी, सलवार और कमीज पहनी होगी जबकि पुरुष कर्मचारी फॉर्मल शर्ट और ट्राउजर पहनेंगे।'' इसमें कहा गया, ''इस बदलाव का उद्देश्य शिक्षकों की उपस्थिति को एक समान करना, व्यावसायिकता की भावना को बढ़ावा देना और सीखने के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है।'' विज्ञप्ति में कहा गया कि शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू करने के साथ ही चंडीगढ़ सरकारी स्कूलों में इसे लागू करने वाला पहला राज्य या केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। इसमें कहा गया, ''शैक्षणिक संस्थानों में व्यावसायिक माहौल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने प्रशासक यूटी चंडीगढ़ की सलाह पर कार्य करते हुए सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए एक सुंदर वर्दी लागू की है।''

## जनजाति को आदिवासी कहना अपराध नहीं : झारखंड उच्च न्यायालय

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी जनजाति को ''आदिवासी'' कहना अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराध नहीं माना जाएगा। न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी ने सुनील कुमार द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध का मामला बनाने के लिए पीड़ित को अनुसूचित जाति (एससी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) का सदस्य होना चाहिए। अदालत ने कहा कि भारत के संविधान की अनुसूची में आदिवासी शब्द का इस्तेमाल नहीं है और जब तक पीड़ित संविधान में उल्लिखित अनुसूचित जनजातियों की सूची के अंतर्गत नहीं आता है, तब तक आरोपी के खिलाफ अधिनियम के तहत कोई मामला नहीं बनाया जा सकता है। अदालत लोक सेवक कुमार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने दुमका पुलिस थाने में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती दी थी। प्राथमिकी दर्ज कराने वाली पीड़िता ने दावा किया था कि वह अनुसूचित जनजाति से संबंधित है। पीड़िता ने प्राथमिकी में बताया कि वह सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत एक आवेदन देने के लिए कुमार से मिलने उनके कार्यालय गई थी। कुमार ने कथित तौर पर आवेदन स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और उन्होंने पीड़िता को ''पागल आदिवासी'' कहा था।

## झारखंड: आतंकवादी संगठनों से जुड़े चार लोग धनबाद से गिरफ्तार



**रांची :** झारखंड पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को धनबाद जिले से कई आतंकवादी संगठनों से कथित तौर पर जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो पिस्तौल, 12 कारतूस, मोबाइल फोन, लैपटॉप जैसे कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित बड़ी संख्या में दस्तावेज और किताबें जब्त की गई हैं। एटीएस के एक बयान के अनुसार, ''इस संबंध में एटीएस, रांची में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।'' बयान के मुताबिक, झारखंड एटीएस को सूचना मिली थी कि एचयूटी (हिज्ब उत-तहरीर), एक्यूआईएस (अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट), आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट) और अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े कुछ लोग राज्य में युवाओं को अपने नेटवर्क से जोड़ रहे हैं, उन्हें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से गुमराह कर रहे हैं और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते हुए धार्मिक चरमपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''सूचनाओं के सत्यापन के बाद यह बात सामने आई है कि इन संगठनों से जुड़े लोग अवैध हथियारों के व्यापार और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। धनबाद जिले में छापेमारी करने के लिए एटीएस की एक टीम गठित की

## झारखंड के 13 जिलों के लिए मेघगर्जन, ओलावृष्टि और तेज हवाओं का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया

**रांची :** झारखंड के 13 जिलों में रविवार से दो दिनों तक मेघगर्जन और ओलावृष्टि के साथ तेज हवाओं का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मौसम में बदलाव आने पर अत्यधिक गर्मी और उमस से राहत मिलने की उम्मीद है क्योंकि हल्की से मध्यम बारिश की संभावना के कारण पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने बताया, ''पूरे झारखंड में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक है। बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है जिससे रविवार से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है।'' उन्होंने कहा कि 26 और 27 अप्रैल को झारखंड के पूर्वोत्तर और मध्य भागों में मेघगर्जन और ओलावृष्टि देखी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 26 और 27 अप्रैल को 13 जिलों-रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा में मेघगर्जन होने, ओलावृष्टि पड़ने और तेज हवाएं चलने का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के बेटे ने पटना में खुद को गोली मारी

**पटना :** पटना के कोतवाली इलाके में एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के 40 वर्षीय बेटे ने पिस्तौल से खुद को कथित तौर पर गोली मार ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति (मृतक) ने अपनी पत्नी से कथित तौर पर हुए विवाद के बाद यह कदम उठाया। पुलिस ने घटनास्थल से सुसाइड नोट और हथियार बरामद किया है। कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया, ''पुलिस को यह सूचना मिली कि शुक्रवार रात बंदर बगीचा इलाके में एक व्यक्ति ने अपने घर के अंदर खुद को गोली मार ली। परिवार के सदस्य उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।'' कुमार ने बताया, ''बाद में, पुलिस ने वारदात स्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया, जिसमें लिखा हुआ है कि उसने अपनी हत्या के लिए एक पिस्तौल और कुछ कारतूस का इंतजाम किया था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उसने अपनी पत्नी के साथ कथित झगड़े के बाद देसी कट्टे से खुद को गोली मार ली।''

## झारखंड के चतरा में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत

**चतरा :** झारखंड के चतरा जिले में शनिवार को एक वाहन के सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सदर पुलिस थाना क्षेत्र के गंधारिया गांव के पास हुई। सदर थाना प्रभारी बिपिन कुमार ने बताया कि राखेड़ गांव के झामुमो नेता अमरदीप प्रसाद का परिवार चार पहिया वाहन से इटखोरी प्रखंड स्थित माता भद्रकाली मंदिर में पूजा करने जा रहा था। उन्होंने बताया, दोपहर करीब दो बजे मंदिर से लौटते समय चालक को झपकी आ गई और वाहन गंधारिया गांव के पास एक पेड़ से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि घायलों का पहले चतरा के सदर अस्पताल में इलाज किया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में वृन्दावन में साधु-संतों, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



**मथुरा (उप्र) :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में साधु-संतों और व्यापारियों ने शनिवार को वृन्दावन में एक जुलूस निकाला। यह जुलूस विद्यापीठ चौराहे से बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचा। इस दौरान रास्ते में कई दुकानदारों से दुकानों पर नाम लिखने को कहा गया। जुलूस का नेतृत्व काशी विद्वत परिषद के पश्चिम भारत प्रभारी नागेंद्र गौड़ ने किया। गौड़ ने संवाददाताओं से कहा कि जुलूस लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में नारेबाजी की और दोषियों को कठोरतम दंड दिए जाने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने दुकानों पर अपना नाम नहीं लिखा तो दुकानों के बोर्ड पर रंग पोत दिया जाएगा। वृन्दावन कोतवाली प्रभारी प्रशांत कपिल ने इस संबंध में कहा कि उन्हें इस तरह का कोई जुलूस निकाले जाने की जानकारी नहीं है।

## कोटा में मृत मिला छात्र इस बार 'नीट' परीक्षा नहीं देना चाहता था

**कोटा :** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे जिस छात्र का शव पिछले दिनों कोटा में मिला वह इस बार इम्तिहान में नहीं बैठना चाहता था। वह तैयारी के लिए एक साल और चाहता था। छात्र के दुखी माता पिता ने यह बात बताई। दिल्ली के तुगलकाबाद में बढ़ई का काम करने वाले रंजीत शर्मा यहां एक अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर बैठे-बैठे बेकाबू होकर रोने लगते हैं। वह अपने बेटे का शव मिलने का इंतजार कर रहे हैं। शर्मा कुछ दिन पहले अपनी पत्नी के साथ बेटे को कुछ दिन के लिए घर ले जाने यहां आए थे लेकिन तब उसने मना कर दिया था। माता-पिता के अनुसार उनके बेटे रोशन शर्मा (23) ने चार मई की नीट-यूजी परीक्षा से कुछ हफ्ते पहले अचानक उनसे कहा था कि वह इस साल परीक्षा नहीं देगा। उनके दिल्ली लौटने के तीन दिन बाद ही बृहस्पतिवार तड़के उनके बेटे का शव यहां रेल लाइन के पास झाड़ियों से बरामद किया गया। रंजीत शर्मा ने नम आंखों से बताया कि उनका बेटा पिछले तीन साल से नीट की तैयारी कर रहा था और हाल ही में उसने अपनी बहन से कहा था कि इस मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार होने में उसे एक और साल की जरूरत है। उन्होंने शुक्रवार को कहा, ''हमारा बेटा पढ़ाई में बहुत अच्छा था, कोचिंग संस्थान में नियमित परीक्षाओं में 550-600 अंक लाता था।'' उन्होंने कहा कि परीक्षा से कुछ दिन पहले आत्महत्या का कारण समझ में नहीं आ रहा। नीट-यूजी परीक्षा के लिए आदर्श स्कोर 720 है। इस साल जनवरी से लेकर अब तक कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या का यह 12वां मामला है। पिछले साल शहर में 17 छात्रों के खुदकुशी करने के मामले दर्ज किए गए थे। रोशन के माता-पिता के अनुसार उनके बेटे ने खुद कोटा में एक कोचिंग संस्थान में दाखिला लेने का फैसला किया था और एक साल बाद ही शहर के दूसरे संस्थान में चला गया।

## वर्ग पहेली नं. 3075

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| ■ | 21 | 22 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 23 | ■ | | ■ | 24 | 25 | | 26 | 27 | ■ |
| 28 | | | | ■ | | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें:-* 2) तेल में तला हुआ एक तिकोनी पकवान, 4) भारत का एक राज्य, 6) अंतर; दूरी, 8) आना; बैठना, 10) चूकना; मार्गभ्रष्ट होना; भटकना, 12) ठोढ़ी के बाल, 13) बुरी आदत, 15) पैसेवाला; धनाढ्य, 18) सालाना, 19) विशेषतः, 21) जलप्रवाह का मंद-ध्वनि, 24) रईस का बेटा, 28) हुक्मबरदार; आज्ञापालक, 29) तृतीय.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बेगुनाह, 2) राम का जनक, 3) पगड़ी, 4) ज़हर, 5) दोस्ती, 7) कुल, 9) अनाड़ी, 11) कूड़ा, 14) मोहक, 16) जहन्नुम, 17) कड़ा, 19) राष्ट्रीयकृत, 20) एक पेड़, 22) छोरा, 23) आशीर्वाद, 25) प्राणाघात; खून; क़त्ल, 26) व्यक्तिगत, 27) सेवक.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | ला | ■ | चा | ■ | ब | ढ़ | ना | ■ | आ |
| शा | ■ | जा | य | दा | द | ■ | मा | य | ना |
| म | का | न | ■ | स्ता | न | ■ | लू | ■ | जा |
| दी | न | ■ | आ | न | ■ | स | म | झ | ना |
| ■ | पु | ला | व | ■ | क़ | ज़ा | ■ | ट | ■ |
| ओ | र | ■ | भा | र | ना | ■ | पा | प | ड़ |
| छा | ■ | ■ | ग | ■ | त | रा | व | ट | ■ |
| प | ■ | प | त | ला | ■ | ह | ■ | ■ | पो |
| न | ट | ना | ■ | र | ज | त | ज | यं | ती |

## सुडोकू-पहेली-3032

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 8 | | | | | |
| 5 | | | | 9 | | 6 | | 1 |
| | 7 | 1 | | | 3 | | | |
| | | 4 | 5 | | | 9 | | |
| 1 | 3 | | | | 4 | | | |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 8 | | | 1 | | | | | 7 |
| | 4 | | | 7 | | | | |
| | | | | 4 | | | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3031 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 |
| 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 |
| 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 6 | 3 | 4 |

# शुभेंदु अधिकारी ने दंगा प्रभावित शमशेरगंज का किया दौरा, दो मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

**❑ जाफराबाद में मृतक के परिवार ने भाजपा नेता से आर्थिक मदद ली**

**मुर्शिदाबाद :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले के दंगा प्रभावित शमशेरगंज इलाके का दौरा किया और ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने 11-12 अप्रैल के दौरान वक्फ (संशोधन) अधिनियम के प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग द्वारा एक विशेष समुदाय के सदस्यों पर किए गए हमलों पर आंखें मूंद ली हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने जाफराबाद में हिंसा के दौरान मारे गए दो व्यक्तियों के शोक संतप्त



परिजनों से मुलाकात की और संवाददाताओं से कहा कि जो कुछ हुआ वह अकल्पनीय और वीभत्स था तथा जब उत्पात हो रहा था तब पुलिस और प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि इस राज्य सरकार को हिंदुओं की कोई परवाह नहीं है। मैंने प्रभावित लोगों से जो सुना है, वह बहुत भयानक है। जिस तरह से भीड़ ने कुछ घरों पर हमला किया और उत्पात मचाया तथा हत्याएं कीं, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। उन्होंने कहा कि दो व्यक्तियों (हरगोविंद दास और चंदन दास) के शव लंबे समय तक उनके घर के सामने सड़क पर पड़े रहे और हत्याकांड के दौरान उनकी और पूरे इलाके के अन्य दंगा प्रभावित लोगों की मदद के लिए पुलिस, प्रशासन या सत्तारूढ़ तृणमूल की ओर से कोई भी मौजूद नहीं था। उन्होंने भाजपा की ओर से दास के परिवार को आर्थिक मदद की पेशकश की। भाजपा नेता के दौरे के दौरान महिलाओं ने अपने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं जिन पर समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा सहित अन्य मांगें लिखी थीं।

शुभेंदु अधिकारी ने क्षेत्र के अन्य भाजपा नेताओं के साथ उनसे (महिलाओं) बात की और उनकी शिकायतें सुनीं। कई महिलाओं ने दावा किया कि दंगों के दौरान 'हिंदुओं के स्वामित्व वाले' सैकड़ों घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की गई और उन्हें जला दिया गया तथा प्रशासन ने अभी तक उनके घरों का पुनर्निर्माण नहीं किया है।

# मुख्यमंत्री ने नौकरी गंवाने गैर-शिक्षण कर्मचारियों को मासिक वित्तीय सहायता देने की घोषणा

## नवान्न में मुख्य सचिव हरिकृष्ण द्विवेदी ने बेरोजगार गैर-शिक्षण कर्मियों के साथ की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने एसएससी के बेरोजगार ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने इन कर्मचारियों को तब तक मासिक भत्ता देने का ऐलान किया है, जब तक इस मामले का पूरी तरह से समाधान नहीं हो जाता। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर करीब 26,000 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नौकरियां रद्द कर दी गई थीं। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने बेरोजगार शिक्षकों को नया पैनल बनने तक काम जारी रखने और इस साल दिसंबर तक वेतन लेने की



अनुमति दी है। इसका मतलब है कि योग्य शिक्षक स्कूल जाएंगे और उन्हें वेतन मिलता रहेगा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों को काम जारी रखने की अनुमति नहीं दी। इसीलिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए मासिक भत्ता देने की घोषणा की है। शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया कि ग्रुप सी कर्मचारियों को हर महीने 25,000 रुपये और ग्रुप डी कर्मचारियों को 20,000 रुपये भत्ता दिया जाएगा। राज्य सरकार ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों, जैसे कि नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में एक पुनर्विचार याचिका भी दायर की है। सरकार ने फैसला किया है कि जब तक इस मामले का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक गैर-शिक्षण कर्मचारियों को यह भत्ता मिलता रहेगा।

# धापा में लगी भयावह आग, मची अफरा-तफरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के धापा इलाके में शनिवार को भयावह आग लगने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पता चला है कि बासंती हाईवे के पास स्थित इस इलाके में दोपहर करीब 12:15 बजे आग भड़कने की खबर सामने आई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग लगने का कारण एक इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर में हुए विस्फोट को माना जा रहा है। देखते ही देखते पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के छह इंजनों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मी युद्धस्तर पर आग बुझाने के प्रयास में जुटे रहे। वहीं, आग बुझाने के कार्य में स्थानीय निवासी भी मदद किए। तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि आग सबसे पहले एक गोदाम में लगी जहां बड़ी मात्रा में रबर और प्लास्टिक



सामग्री रखी गई थी। चूंकि, ये पदार्थ अत्यधिक ज्वलनशील हैं, इसलिए आग तेजी से फैल गई और अन्य क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी प्रचंड थीं कि आसमान तक काले धुएं से ढक गया और पूरे इलाके में अंधेरा सा छा गया। धापा के दुर्गापुर इलाके में आग जिस स्थान पर लगी है, उसके निकट घनी आबादी वाला क्षेत्र भी मौजूद है। स्थानीय लोगों में आग के फैलने से बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग के अधिकारी आग के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। आग पर काबू पाने की कोशिश लगातार जारी है।

# पहलगाम के आतंकी को युवक ने बताया दोस्त, पुलिस ने दबोचा

**❑ युवक ने सोशल मीडिया पर लगाई फोटो, पुलिस माता-पिता से भी कर रही पूछताछ**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एक युवक को सोशल मीडिया पर पहलगाम हमले के आरोपी की तस्वीरों के साथ तस्वीरें शेयर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। युवक ने तस्वीरों के कैप्शन में आतंकवादी को अपना दोस्त बताया है। इस संबंध में युवक के माता-पिता से भी कृष्णानगर के कोतवाली पुलिस स्टेशन में पूछताछ की गई। पुलिस के मुताबिक, युवक ने जिस व्यक्ति की तस्वीर दोस्त लिखकर शेयर की है, वह पहलगाम में अन्य आतंकवादियों के साथ मौजूद था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक लगभग तीन साल पहले काम के सिलसिले में कतर गया था। इसके बाद, वह घर लौट आया था। इसके बाद, वह कुछ समय के लिए बेरोजगार रहा और फिर काम की तलाश में मुंबई चला गया। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि तस्वीरों के साथ कोई छेड़छाड़ कर इसे सनसनी फैलाने के लिए पोस्ट तो नहीं किया गया है। पुलिस उसके फोन में कॉन्टैक्ट और कॉल डिटेल भी खंगाल रही है। हालांकि, अब तक की जांच में पुलिस को कुछ भी सनसनीखेज बनाने की कोशिश जैसा नहीं दिखा है। पुलिस ने इस संबंध में कोतवाली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है, उन्होंने कहा कि साइबर विशेषज्ञ युवक के सोशल मीडिया प्रोफाइल की भी जांच कर रहे हैं।

# मुठभेड़ में शहीद हवलदार झंटू अली शेख को श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़े सैकड़ों लोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के तेहट्ट गांव की संकरी गलियों में शनिवार को सैकड़ों लोग सेना के हवलदार जे. अली शेख को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ पड़े, जिनका पार्थिव शरीर शनिवार की सुबह उनके पैतृक गांव लाया गया। बता दें कि शेख ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान अपनी जान कुर्बान कर दी। शुक्रवार को जम्मू के 166 सैन्य अस्पताल में सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की थी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि शेख का पार्थिव शरीर शुक्रवार की रात कोलकाता और फिर बैरकपुर लाया गया तथा इसके बाद शनिवार की सुबह उनके पैतृक गांव ले जाया गया। जैसे ही पार्थिव शरीर गांव लाया गया, जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए गलियों, छतों और बालकनी में एकत्र हो गए। जब शेख के परिवार के सदस्यों ने तिरंगे में लिपटे ताबूत को देखा तो उनकी भावनाएं उमड़ पड़ीं। स्थानीय मस्जिद के पास एक मंच बनाया गया था, जहां सैनिक के पार्थिव शरीर को रखा गया, ताकि स्थानीय लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकें। इस दौरान शेख की पत्नी ने कहा कि उनकी मौत के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और सशस्त्र बलों के प्रतिनिधि भी शोकसंतप्त परिवार को संवेदना व समर्थन देने के लिए गांव पहुंचे।

**Name Change**

I, Advocate Harshit Jaiswal hereby declare that my client Saroj Kumar Ray residing at Rahi Apartment, Block-B, 444 T. N. Mukherjee Road, Uttarpara, Korung (M), Makhla, Hooghly, West Bengal- 712245 changed his name from Saroj Singh to Saroj Kumar Ray by an affidavit before a First Class Judicial Magistrate at Calcutta Dated 08.04.2025 and Saroj Kumar Ray and Saroj Singh both are same and Identical person and if anyone has any objections to this then kindly contact on 7003532964.

**Name Change**

I, Ajaay Jaain, son of Bimal Kumar Choraria, residing at 22, Ram Lal Mukherjee Lane, Golabari, Howrah, do hereby solemnly affirm and declare that I wish to change my name as Ajaay Jaain and Ajay Jain, Ajay Choraria and Ajaay Jaain are the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld 1st Class Judicial Metropolitan Magistrate at Kolkata dated 31st January 2025.

**अभियांत्रिकी कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. 18 of 2025; दिनांक: 22-04-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** DENGHY-24-2025। **कार्य का नाम एवं स्थान:** बी. बरुवा आरओबी (ईस्ट साइड) के पास स्टील संरचना ले जानेवाला ओवरहेड जल पाइपलाइन की मरम्मत। निविदा मूल्य: ₹25,20,972.17; धरोहर राशि: ₹50,400.00। **निविदा सं.:** DENGHY-25-2025। **कार्य का नाम एवं स्थान:** अगरतला-नारंगी: सीडब्ल्यूआर बिछाने के लिए टीडब्ल्यूएस और डब्ल्यूसीएमएस के साथ टीटीआर। निविदा मूल्य: ₹5,03,96,007.66; धरोहर राशि: ₹4,02,000.00। **ई-निविदाएं** 14-05-2025 को 13.00 बजे **बंद होंगी** और 14-05-2025 को 13.00 बजे **खुलेंगी**। विवरण के लिए www.ireps.gov.in पर पधारें।

**मंडल अभियंता/गुवाहाटी, मालीगांव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नौकरी से हटाए गए गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने शिक्षा मंत्री के घर के बाहर किया प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 200 गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने अपनी नौकरी बहाल करने की मांग को लेकर शनिवार को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के आवास के बाहर कुछ देर के लिए प्रदर्शन किया। प्रदर्शकारी उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने तीन अप्रैल को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद अपनी नौकरी गंवा दी थी। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां ले रखी थीं, जिनपर नौकरी बहाल करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि राज्य उनके मुद्दे को उच्चतम न्यायालय के समक्ष उठाए। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि मंत्री ने पुलिस कर्मियों के माध्यम से प्रदर्शकारियों यह संदेश भेजा कि वह अगले सप्ताह व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलेंगे,



जिसके बाद प्रदर्शनकारी वहां से चले गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंत्री ने संदेश में यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी समस्या का समाधान निकालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पुलिस कर्मियों के माध्यम से यह संदेश भेजा क्योंकि विरोध प्रदर्शन के समय वह घर पर नहीं थे।

# 'पाक द्वारा पकड़ा गया बीएसएफ जवान सुरक्षित', सांसद कल्याण बनर्जी ने बीएसएफ डीजी से की बात

## तृणमूल और कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने परिवार से की मुलाकात

**हुगली/कोलकाता, समाज्ञा :** हुगली जिले के रिषड़ा के रहने वाले बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव को पाकिस्तान सेना ने हिरासत में ले लिया है। बता दें कि पूर्णम कुमार साव की पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनाती है। बुधवार को वह ड्यूटी के दौरान गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान में प्रवेश कर गए। इसके बाद, पाकिस्तान के जवानों उन्हें पकड़ लिया। गुरुवार को यह सूचना उनके परिवार तक पहुंची। जवान की पत्नी रजनी साव ने बताया कि हमें उनके एक साथी से यह जानकारी मिली कि ड्यूटी पर रहते हुए उन्हें पकड़ा गया है। मंगलवार की रात उनकी मुझसे बात हुई थी। वह 17 वर्ष से बीएसएफ में हैं। हम चाहते हैं कि उन्हें जल्द से जल्द वापस लाया जाए। इधर, श्रीरामपुर से तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) से फोन पर बात कर स्थिति की जानकारी ली। सांसद ने बताया कि जवान पूर्णम कुमार सुरक्षित हैं और उन्हें भारत वापस लाने के प्रयास तेज़ी से किए जा रहे हैं। सांसद कल्याण बनर्जी ने एक्स हैंडल के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान में बंदी पूर्णम कुमार को लेकर बीएसएफ के डीजी से मेरी बातचीत हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि भारत सरकार की ओर से उन्हें वापस लाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। पाकिस्तान प्रशासन कुछ समय ले सकता है, लेकिन पूर्णम कुमार को सुरक्षित देश लौटाया जाएगा। वह फिलहाल पूरी तरह स्वस्थ हैं। पूर्णम कुमार के पाकिस्तान में बंदी होने की खबर मिलते ही उनके परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। उनकी पत्नी रजनी साव और मां देवंती देवी रो-रोकर बूरा हाल है। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्णम कुमार के घर जाकर परिवार को ढांढस बंधाया। राज्य सरकार की ओर से भी हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया गया।

### पहलगाम आतंकी हमले में मृत समीर गुहा व बितान के घर पहुंची एनआईए टीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए समीर गुहा के घर एनआईए की तीन सदस्यीय टीम शनिवार को पहुंची। टीम ने कोलकाता के बेहला इलाके स्थित उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों के बयान दर्ज किए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनआईए टीम वैष्णवघाटा इलाके में बितन अधिकारी की पत्नी से भी मुलाकात की। वह भी इस हमले में मारे गए थे। टीम उनकी पत्नी का बयान दर्ज कर पूरी घटना से जुड़ी जानकारी जुटाएगी। उल्लेखनीय है कि इस हमले में राज्य के तीन लोग मारे गए थे। इनमें बितान अधिकारी, कोलकाता स्थित वैष्णवघाटा पाटुली, कोलकाता), समीर गुहा सखेर बाजार, कोलकाता और मनीष रंजन झालदा, पुरुलिया शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की विशेष टीमें हमले के चश्मदीदों और बचे हुए पर्यटकों से भी संपर्क कर हमले से जुड़ी हर जानकारी इकट्ठा कर रही है।

### मेट्रो स्टाफ ने अस्वस्थ महिला यात्री की मदद की

**कोलकाता :** दिनांक 24.04.2025 को लगभग सुबह 10:00 बजे, पार्क स्ट्रीट स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ और स्टेशन स्टाफ ने एक लगभग 30 वर्षीय महिला यात्री को अस्वस्थ अवस्था में पाया। महिला की स्थिति देख तुरंत स्टाफ उसकी सहायता के लिए आगे आया। स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए उसे स्टेशन मास्टर के कार्यालय में लाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के साथ ऑक्सीजन भी दी गई। इसके बाद महिला को लगभग 10:30 बजे एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला यात्री ने मेट्रो रेलवे प्रशासन को समय पर मदद और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

**पश्चिम मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरओ/जबलपुर पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा में दिये गये शर्तों को पूरा करने वाले अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित करते है। जिनके जमा करने की तिथि 16.05.2025 समय 15:00 बजे तक रहेगी। **1. NIT No. - JBP-TRO-TENDER-2025-02, (I.) Name of work (with locations)- :** Supply, Transportation, loading, unloading and filling of dry, screened sand in sand boxes of AC & DSL Locos as per Spec No AAR M-916-51 at NKJ, SGO, STA, BEHR & JBP and it's all Yard (UP & DN) round the clock and Checking of Sander working and attention of defective sand Gear of Electric/DSL Locos at NKJ, SGO, STA, BEHR & JBP and it's all Yard (UP & DN) round the clock for 365 days (1 Year). (II.) **कार्य की लागत–** रू. 1,64,88,513.65, (III.) **बयाना राशि–** रू. 2,32,500.00 **अधिक जानकारी के लिए** ireps.gov.in देखें।

(हस्ता.)

वरि. मं. वि. इंजी. (टीआरओ)

पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड, गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्या: LS-GD-2025-Repair-CabAC-R, कार्य का नाम: "छोटे और बड़े शेड्यूल के दौरान गोण्डा एवं गोरखपुर शेड के लोको की छत पर लगे कैब एसी की मरम्मत और रखरखाव 02 वर्षों के लिये।" अनुमानित लागत: ₹ 56,63,966.14, निविदा की अवधि: 24 माह, अग्रिम धनराशि: ₹ 1,13,300/-,

**क्रम सं.-02,** निविदा सूचना संख्या: LS-GD-24-AMC-Simulator-R3, कार्य का नाम: "एक वर्ष के लिये DTTC/गोण्डा में कोरीस मेक डीजल लोको सिम्युलेटर का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।" अनुमानित लागत: ₹ 88,32,300.00, निविदा की अवधि: 12 माह, अग्रिम धनराशि: ₹ 1,76,700/-,

• ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 16-05-2025, 12:00 बजे। • इस ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**स.मं.वि. इन्जी./टी.आर.एस., लोको शेड, गोण्डा**

मुजाधि/विद्युत-12

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# देउचा-पचामी को लेकर राज्य सरकार से तीन हफ्ते में हाईकोर्ट ने मांगा हलफनामा

**कोलकाता :** बीरभूम के देउचा-पचामी परियोजना को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से हलफनामा दाखिल करने को कहा है। आरोप है कि इस परियोजना के लिए आदिवासियों को जबरन हटाया जा रहा है और खनन कार्य को अवैध बताया गया है। हाईकोर्ट ने सरकार को तीन सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है।

यह मामला 2022 में दायर हुआ था। याचिका में कहा गया था कि देउचा-पचामी में भूमि अधिग्रहण कानून का उल्लंघन हुआ है, और इस परियोजना के चलते बड़े पैमाने पर जमीन और आजीविका का नुकसान हो सकता है। साथ ही



कोयला खनन परियोजना से जुड़े कई अन्य सवाल भी उठाए गए थे।

बीरभूम के देउचा-पचामी, देवांगंज और हरिणगंगा कोयला खदान परियोजना को लागू करने के दौरान आदिवासियों को जबरन बेदखल करने और सरकारी ठेकेदारों पर अवैध कार्यों का आरोप लगाते हुए कोलकाता हाईकोर्ट में नई याचिका दायर की गई थी। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम के नेतृत्व वाली डिवीजन बेंच ने इस मामले में राज्य सरकार से हलफनामा मांगा है।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के नियमों का पालन किए बिना भूमि अधिग्रहण किया गया, और पर्यावरणीय मंजूरी भी नहीं ली गई। आदिवासियों की जमीन और वन भूमि को भी नियमों की अनदेखी कर अधिग्रहित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीरभूम में इस कोयला खदान परियोजना का काम पहले ही शुरू हो चुका है।

# पहलगाम हमले के खिलाफ पोस्ट करने पर दुष्कर्म की धमकी, पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

**कोलकाता, समाज्ञा**

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पोस्ट करने पर बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर की रहने वाली एक युवती को दुष्कर्म की धमकी दी गई है। पीड़िता ने खुद फेसबुक पर लाइव आकर रोते-रोते इसकी जानकारी दी। खबर मिलने स्थानीय थाने की पुलिस युवती के घर गई और घटना की जानकारी ली। भाजपा विधायक व बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने भी फोन पर पीड़िता से बात की। प्राथमिक जांच में पता चला है कि दो फर्जी फेसबुक अकाउंट से धमकी दी गई है।




धमकी देने वालों ने युवती के पोस्ट को धार्मिक विद्वेष फैलाने वाला बताया है। वहीं, पीड़िता ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह से हिंदू पर्यटकों को चुन-चुनकर उनकी हत्या की गई, वह बेहद निंदनीय है। उसी का विरोध करते हुए उन्होंने पोस्ट किया था। अधिकांश लोगों ने उनके पोस्ट का समर्थन किया है।

**डब्ल्यूबीजेईई-2025 के लिए सियालदह मंडल के तहत ईएमयू ट्रेन सेवाओं की विशेष व्यवस्था**

पश्चिम बंगाल ज्वाइंट एन्ट्रन्स परीक्षा-2025 (डब्ल्यूबीजेईई-2025) के लिए उम्मीदवारों के सुविधार्थ, यात्रा आरम्भ करने वाले स्टेशनों के आधार पर **रात 12.01 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक** की अवधि के दौरान सियालदह मंडल के तहत रविवार को नहीं चलने वाली सभी ईएमयू सेवाएं (एसयूई) **दिनांक 27.04.2025 (रविवार)** को उपलब्ध रहेंगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# न्याय में तेजी लाने के लिए गवाह चयन पर कोलकाता पुलिस कमिश्नर की नई गाइडलाइन

**कोलकाता :** न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने गवाहों के चयन को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इस निर्देश को लेकर पुलिस महकमे के भीतर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में कई मामलों में बिचार लंबा खिंचने के कारण मुख्य आरोपी जमानत पर छूट गए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए चार्जशीट में अनावश्यक गवाहों को शामिल न करने की सलाह दी गई है।

हालांकि, कुछ अधिकारियों का मानना है कि यदि गवाहों की संख्या कम रखी जाती है, तो मुकदमे की प्रक्रिया भले ही तेजी से पूरी हो, लेकिन अगर गवाह विपरीत बयान दे दे या किसी कारणवश गवाह की मृत्यु हो जाए, तो मामले का भविष्य संकट में पड़ सकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अदालतों में मामलों की सुनवाई में देरी के कारण हजारों मुकदमे वर्षों तक लंबित रहते हैं। अपराधी और कुछ असाधु वकील इस देरी का फायदा उठाकर सुनवाई को टालते हैं और फिर उच्च अदालतों से जमानत ले लेते हैं।

लालबाजार सूत्रों के मुताबिक, इसी समस्या को हल करने के लिए बीते गुरुवार को पुलिस कमिश्नर की ओर से नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि चार्जशीट दाखिल करते समय अनावश्यक गवाहों को सूची में शामिल कर उसे लंबा खींचने की जरूरत नहीं है। चार्जशीट पेश करने से पहले इस संबंध में उच्च अधिकारियों से परामर्श करना अनिवार्य होगा।

# पहलगाम हमले ने पश्चिम बंगाल में ध्रुवीकरण की नयी लहर पैदा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पश्चिम बंगाल के तीन पर्यटकों और उधमपुर में शहीद हुए एक सैनिक के ताबूत कश्मीर से लाए जाने के बाद प्रदेश में न केवल शोक की लहर है, बल्कि इसने धर्म, राजनीति और भावनाओं को एक साथ उद्वेलित कर दिया तथा ध्रुवीकरण बढ़ाया है और इस तरह यह राज्य की अस्मिता की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ को दर्शाता है। राज्य विधानसभा चुनाव (2026) के लिए साल भर से भी कम समय बचे होने के बीच, इन घटनाओं ने सियासी पारा चढ़ा दिया और इसके भावनात्मक रूप लेने की संभावना है, जिसके इर्द-गिर्द चुनावी रणनीतियां देखने को मिल सकती हैं। उल्लेखनीय है कि कश्मीर में मंगलवार को बंगाल के पर्यटकों--बितान अधिकारी, समीर गुहा और मनीष रंजन मिश्रा से कथित तौर पर उनका धर्म पूछे जाने के बाद आतंकियों ने नृशंस तरीके से उनकी हत्या कर दी। इन हत्याओं के भयावह स्वरूप ने धर्म को राजनीति के केंद्र में ला दिया है। वहीं, राजनीतिक दल धर्म, राष्ट्रवाद और पीड़ित होने के माध्यम से कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। ये मौतें बंगाल के राजनीतिक अखाड़े में एक नये रण क्षेत्र में तब्दील हो गई हैं। चौथा ताबूत उधमपुर में एक अलग हमले में जान गंवाने वाले नादिया के सैनिक झोंटू अली शेख का है। इसने भावनात्मक और राजनीतिक विमर्श को और अधिक जटिल बना दिया है, क्योंकि शहादत और आतंकवाद को अब साम्प्रदायिक चश्मे से देखा जाने लगा है। हमलों के बाद धार्मिक अस्मिता के आह्वान ने बंगाल की राजनीति में बदलाव का संकेत दिया है – जिसके बारे में विश्लेषकों का कहना है कि यह भाजपा के 'विचारधारा को आगे बढ़ाने' और तृणमूल कांग्रेस की 'तुष्टिकरण की राजनीति' के साथ जुड़ा हुआ है। 'सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसेज' के राजनीति विज्ञानी मैदुल इस्लाम ने बताया कि यह सिर्फ आतंक और त्रासदी की कहानी नहीं है। यह मृतकों की धार्मिक पहचान के बारे में है। हम अब पहचान और राजनीतिक दांव-पेंच से आकार लेते परस्पर विरोधी विमर्श देख रहे हैं।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# विपक्षी दलों ने बेरोजगार स्कूल कर्मचारियों के लिए वित्तीय सहायता योजना पर उठाये सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की विपक्षी दलों ने कहा कि राज्य द्वारा संचालित और राज्य-सहायता प्राप्त माध्यमिक-उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के ग्रुप सी और डी के गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए वित्तीय सहायता के बारे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शनिवार को की गई घोषणा कानूनी रूप से मान्य नहीं है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य एवं पार्टी प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण मुख्यमंत्री ऐसी घोषणा नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि बेरोजगार गैर-शिक्षण कर्मचारियों को वित्तीय मदद देने के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा है, उसका कोई कानूनी औचित्य नहीं है और उच्चतम न्यायालय ऐसे बयानों पर आपत्ति कर सकता है, जब खंडपीठ ने इस मुद्दे पर पहले ही कोई निर्णय पारित कर दिया है। समिक भट्टाचार्य ने कहा कि हम यह भी चाहते हैं कि बेदाग शिक्षण/गैर-शिक्षण कर्मचारियों पर इसका असर न पड़े। लेकिन ममता बनर्जी सरकार द्वारा हाल के दिनों में एक के बाद एक उठाए गए कदमों से ही मौजूदा स्थिति पैदा हुई है। हम चाहते हैं कि हर कदम और हर घोषणा कानून के अनुसार की जाए। वहीं, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की केंद्रीय समिति के सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि जिस तरह से बनर्जी ने मुख्य सचिव के मोबाइल के फोन पर घोषणाएं कीं, इससे ऐसा लगता है कि लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून का ध्यान नहीं रखा गया है। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने (ममता बनर्जी) फोन करके ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों को दी जाने वाली राशि की घोषणा की। लेकिन वह अपने खजाने से राशि आवंटित नहीं कर रही हैं। वह सरकारी खजाने से पैसा खर्च कर रही हैं। हालांकि हम यह भी नहीं चाहते कि सरकारी स्कूलों के गैर-शिक्षण कर्मचारियों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़े, लेकिन वे एसएससी 2016 परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के शिकार हुए थे। कानूनी मंजूरी के बिना वित्तीय सहायता देने के किसी भी निर्णय पर न्यायालय की अवमानना का आरोप लगने की आशंका है।



## मुर्शिदाबाद में भारी मात्रा में नकली नोटों के साथ एक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले में पुलिस ने एक अपराधी को भारी मात्रा में नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी का नाम अव्वल शेख है। उसे शनिवार को 500 रुपये के 250 नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को यह पैसा कहां से मिला? पुलिस ने यह पता लगाने के लिए पूछताछ शुरू कर दी है कि इसकी तस्करी की योजना कौन बना रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात मुर्शिदाबाद के रानीनगर के कटलामारी मास्टरपाड़ा स्थित अव्वल के घर पर छापा मारा। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस को घर के अंदर ड्रमों में बड़े करीने से रखे गए नकली नोट मिले। आरोपी के घर से 500 रुपये के 230 नोट बरामद किये गये। कुल राशि 1.15 लाख रुपये है।



आरोपी अव्वल को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके खिलाफ रानीनगर थाने में धारा 179/180/3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उस व्यक्ति को नकली नोट कहां से मिले? इसकी तस्करी की योजना कहां थी? वहीं, रानीनगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि इसमें कौन-कौन शामिल है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को आगे की जांच के लिए आज अदालत में पेश किया जाएगा। इसके साथ ही 7 दिन की पुलिस हिरासत के लिए आवेदन किया जाएगा। पता चला है कि गिरफ्तार किया गया अवल शेख एक किसान है। उसके पास से अचानक इतनी बड़ी मात्रा में नकली नोट बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## डब्ल्यूबीजेईई परीक्षा के लिए सियालदह मंडल आज चलाएगा अतिरिक्त लोकल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा (डब्ल्यूबीजेईई) में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने आज, 27 अप्रैल (रविवार) को स्थगित की जाने वाली ईएमयू सेवाओं को सुबह 00:01 बजे से लेकर दोपहर 16:00 बजे तक संचालित करने का निर्णय लिया है। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। साथ ही, हावड़ा मंडल ने भी इसी दिन यानी 27 अप्रैल को सभी ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाएं सामान्य कार्यदिवस की तरह दोपहर 4 बजे तक चलाने की योजना बनाई है। रेलवे प्रशासन द्वारा यह कदम विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सराहनीय प्रयास है।

## राज्य को अतिरिक्त रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि राज्य को अतिरिक्त रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। दरअसल, राज्य ने कलकत्ता हाई कोर्ट में एक आवेदन दायर कर 1,609 अतिरिक्त रिक्तियों पर तत्काल भर्ती की मांग की है। उसने अदालत से इस मामले पर स्थगन आदेश हटाने का भी अनुरोध किया है। हालांकि, वादी के वकील इसका विरोध कर रहे हैं। इसके बाद, न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने कहा कि राज्य को अतिरिक्त रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। इसके बाद, अदालत स्थगन आदेश हटाने पर विचार करेगी।

इस मामले की अगली सुनवाई छह मई को होगी। राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने अपील की कि उच्च प्राथमिक भर्ती प्रक्रिया में अतिरिक्त पदों के सृजन पर हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक हटाई जाए। राज्य सरकार भर्ती प्रक्रिया पूरी करना चाहती है।

हाई कोर्ट ने व्यावसायिक शिक्षा और शारीरिक शिक्षा विभाग में भर्ती को हरी झंडी दे दी है। दूसरी ओर, वादी पक्ष के वकील विकास रंजन भट्टाचार्य और फिरदौस शमीम ने कहा कि ओएमआर शीट समेत पूरा पैनल प्रकाशित किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार में अतिरिक्त पदों के सृजन में हस्तक्षेप नहीं किया। इसने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा जारी सीबीआइ जांच के आदेश को भी खारिज कर दिया।

# वीडियो संदेश के बाद व्यवसायी ने की आत्महत्या, छत से रक्तरंजित शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** फूलबागान थाना अंतर्गत कंकुरगाछी में शनिवार को एक बहुमंजिला इमारत की छत से एक व्यापारी का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान जयंत साहा के रूप में की गई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जयंत ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इस दुखद घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, दोपहर में जयंत साहा अपनी बहुमंजिला इमारत की छत पर गए थे। वह छत पर टैंक के पास लाइसेंसी पिस्तौल से वीडियो बना रहा था।



वह अपने बेटे और प्रियजनों को संदेश भेजता है कि वह अब जीना नहीं चाहता। वह आत्महत्या करने जा रहा है। उसकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। वीडियो देखकर परिवार के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। हालांकि, जयंत ने पहले ही अपने सिर में गोली मार ली थी। परिवार के लोग लहूलुहान व्यापारी को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पचा चला है कि जयंत साहा शहर के एक स्थापित व्यवसायी थे। फूलबागान थाना क्षेत्र के कंकुरगाछी के पास उनका अपना कंस्ट्रक्शन का व्यवसाय है। उनके दो बेटों के पार्क स्ट्रीट सहित कोलकाता में दो स्थानों पर प्रसिद्ध रेस्तरां हैं। हालांकि, जयंत लंबे समय से मानसिक अवसाद से पीड़ित थे। उनकी पत्नी की पिछले मार्च में कैंसर से मृत्यु हो गई थी। वह स्वयं बीमारी से पीड़ित था। इसी कारण उसने आत्महत्या कर ली होगी। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पेयजल संकट को लेकर जिलाधिकारियों को मुख्य सचिव ने किया सतर्क

**कोलकाता :** पेयजल संकट को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। अब मुख्य सचिव मनोज पंत ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को इस मुद्दे पर सचेत रहने का निर्देश दिया है। इस संबंध में उन्होंने कहा, कई इलाकों से पेयजल की समस्या की शिकायतें मिल रही हैं। भूजल स्तर में गिरावट इसकी एक प्रमुख वजह हो सकती है। आने वाले दिनों में यह समस्या और भी बढ़ सकती है। भूजल से जुड़े पेयजल व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव ने कहा, अभी से पेयजल स्थिति की समीक्षा करना आवश्यक है, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन इलाकों में पेयजल परियोजनाएं चल रही हैं,



उनकी समय-समय पर जांच कर जरूरी मरम्मत या सुधार कार्य तुरंत किया जाए। यदि मरम्मत संभव न हो, तो वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेयजल संकट से निपटने के लिए पहले से तैयारी करनी होगी और किसी भी स्थिति में जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## बजाज आलियान्ज जनरल इंश्योरेंस ने 'क्लाइमेटसेफ' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज आलियान्ज जनरल इंश्योरेंस ने 'क्लाइमेटसेफ' नामक एक अभिनव बीमा उत्पाद लॉन्च किया है, जो जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जोखिमों के लिए त्वरित और मनचाही सुरक्षा प्रदान करता है। यह पूरी तरह से डिजिटल, झंझट-मुक्त और किफायती समाधान है। यह ग्राहकों को एक दिन से लेकर 30 दिन तक की अवधि के लिए कवरेज लेने की सुविधा देता है। ग्राहक साल में कई बार यह पॉलिसी खरीद सकते हैं और दावे बिना अधिक दस्तावेजों के सात दिनों के भीतर स्वतः निपटाए जाते हैं। यह उत्पाद विशेष रूप से दिहाड़ी मजदूरों, डिलीवरी एजेंटों, दुकानदारों, घरेलू सहायकों और गिग वर्कर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। जिन्हें अधिक गर्मी, ठंड या बारिश के कारण आमदनी में नुकसान या खर्चों में वृद्धि का सामना करना पड़ता है। बजाज आलियान्ज के एमडी और सीईओ डॉ. तपन सिंघल ने इसे भारत की पहली जलवायु जोखिम सुरक्षा नीति बताया, जो मौसम की अनिश्चितताओं से प्रभावित लोगों को वित्तीय राहत और मानसिक शांति प्रदान करती है।

## एचडीएफसी बैंक 'परिवर्तन' के तहत 2025 तक 1,000 गांवों को मिलेगा नवीकरणीय ऊर्जा समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पृथ्वी दिवस के अवसर पर एचडीएफसी बैंक ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'परिवर्तन' के अंतर्गत 2025 तक 1,000 गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई है। बैंक ने अब तक 22 राज्यों में 61,655 सौर स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की हैं और सरकारी स्कूलों व अस्पतालों में सौर पैनलों से निर्बाध बिजली सुनिश्चित की है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा, पेयजल, सिंचाई, खाद्य प्रसंस्करण और आजीविका को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सौर परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। 'परिवर्तन' की सोलर शिक्षा पहल के तहत जागरूकता कार्यशालाओं के माध्यम से 3,000 से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा से जुड़ी जानकारी दी गई है। बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने कहा कि यह पहल समावेशी विकास के माध्यम से न्यायसंगत और टिकाऊ भविष्य के निर्माण की दिशा में एक प्रयास है। एचडीएफसी बैंक का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक समुदाय सौर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें।

## श्यामतारा राइस मिल्स ने लॉन्च किया 'बेंगल क्राउन फोर्टिफाइड राइस', कुपोषण से लड़ने की दिशा में अहम कदम

**कोलकाता, समाज्ञा**

श्यामतारा राइस मिल्स ने पश्चिम बंगाल में कुपोषण से निपटने के लिए अपने नए उत्पाद 'बेंगल क्राउन फोर्टिफाइड राइस' को लॉन्च किया है। यह प्रीमियम चावल आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से युक्त है और राज्यभर में जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया है। कंपनी के मालिक श्री अभिषेक अग्रवाल ने इस पहल को स्वास्थ्य और गुणवत्ता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। यह शुरुआत 'मिलर्स फॉर न्यूट्रिशन' पहल के तहत हुई है, जो टेक्नोसेर्व द्वारा संचालित एक रणनीतिक कार्यक्रम है और राइस मिलर्स को तकनीकी व विपणन सहायता प्रदान करता है। लॉन्च इवेंट कोलकाता के ताज बंगाल होटल में आयोजित हुआ, जिसमें फोर्टिफाइड चावल के लाभों पर जानकारी साझा की गई। उपभोक्ताओं को यह चावल बाजारों व ब्लिंकिट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगा। श्यामतारा राइस मिल्स, जिसकी स्थापना लगभग पांच दशक पहले हुई थी, अब जनस्वास्थ्य में सकारात्मक योगदान की दिशा में एक और कदम बढ़ा रही है।




पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से शनिवार को जयपुर के पश्चिमी बैना स्थित उत्तर हबल सु स्वास्थ्य केंद्र का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में अमता विधायक सुकांत पाल उपस्थित थे. इसमें ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### शहर में आज

- **बाबा रामदेव भक्त मंडल (मगरा क्षेत्र) :** संगीतमय भजन कीर्तन, सायं 4 बजे से, स्थान- श्री श्याम सुंदर जी पुरोहित, बैला निकेतन, 3 तल्ला, फ्लैट-305, 26, देबाई पुकुर रोड, दिपचंद स्कूल के पास, हिन्द मोटर, हुगली।
- **श्री सीताराम सत्संग समिति (कोलकाता) :** संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ, पाठ क्रमांक संख्या-1938, दोपहर 3 बजे से, स्थान- श्री विनोद कुमार जी केडिया, मुरारी कुंज, सीएफ-83, सॉल्ट लेक सिटी, सेक्टर-1, पानी टंकी नं.-6 एवं गुप्ता ब्रदर्स के पास, सॉल्टलेक, कोलकाता।
- **श्री करणी इन्द्र भक्त मंडल (श्रीमण्ड खुड़दधाम) :** संगीतमय भजन कीर्तन, सायं 4 बजे से, स्थान- श्री तोलाराम जी एवं श्री राजकुमार जी झंवर परिवार, 73, सनातन मिस्त्री लेन, 4 तल्ला, डा. एल. मिश्रा के सामने, उड़ियापाड़ा, हावड़ा।
- **श्री राम दरबार युवा मंडल (हिन्द मोटर) :** संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ, दोपहर 2.01 बजे से, स्थान- श्री मुरारी लाल जी लाट, गोपाल भवन, 3/1, डा. जे. एन. गुहा सरणी, गुरगोला घाट रोड, बांधाघाट, हावड़ा।
- **श्री डाली बाई भक्त संगम :** बाबा श्री रामदेव जी महाराज की अमृतमयी कथा एवं संगीतमय भजन कीर्तन, दोपहर 1 बजे से सायं 4.30 बजे तक, स्थान- शकुंतला देवी तोदी भवन, 48/12, जैसोर रोड, तुलसीधाम कॉम्पलेक्स, बांगुर एवेन्यू, कोलकाता।
- **श्री राणी सती जी सत्संग भजन मंडली :** अमावस का कीर्तन, सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, स्थान- श्री राणी सती जी मंदिर में, 2डी नंदो मल्लिक लेन, नूतनबाजार, कोलकाता।
- **भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम :** साप्ताहिक बीज मंत्र एवं गणेश स्रोत का पाठ, सुबह 11 बजे से, स्थान- माहेश्वरी भवन सभागार, 4, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

## आसनसोल में देर शाम गोलीबारी, जमीन कारोबारी घायल



**आसनसोल :** हीरापुर थाना अंतर्गत बर्नपुर के रहमतनगर के चासापट्टी इलाके में शनिवार की शाम गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें एक जमीन कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना शाम करीब 7.30 बजे घटी। घायल जमीन कारोबारी का नाम इरफान मुस्तफा (47) है। उसे घायल स्थिति में आसनसोल जिला अस्पताल ले जाया गया। चूंकि, उनकी वर्तमान शारीरिक स्थिति गंभीर है, इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आसनसोल जिला अस्पताल से स्थानांतरित कर दिया गया। शुरुआती जांच में पुलिस को संदेह है कि इरफान का जमीन सौदे को लेकर विवाद था। और इसी कारण किसी व्यक्ति ने यह घटना घटित की। इस बीच, जब उनके परिवार वालों को उनकी हालत के बारे में पता चला तो उन्होंने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, परिवार के सदस्य उन्हें रात करीब 8 बजे दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, इरफान के सिर पर गोली के घाव हैं। सूचना मिलने पर हीरापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, इस मामले पर अभी तक कोई बयान नहीं आया है।

# शहीद आईबी ऑफिसर मनीष रंजन मिश्रा के बच्चों की शिक्षा का जिम्मा उठाएगा कुशल एजुकेशन फाउंडेशन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए आईबी ऑफिसर मनीष रंजन मिश्रा के बच्चों की पढ़ाई का संपूर्ण जिम्मा अब कुशल एजुकेशन फाउंडेशन ने उठाने का ऐलान किया है। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के झालदा निवासी श्री मिश्रा की वीरगति पर शोक व्यक्त करते हुए फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश अग्रवाल ने कहा कि इस बर्बर हमले ने कई परिवारों का सुख-चैन छीन लिया है। उन्होंने बताया कि शहीद मिश्रा की बहादुरी, देशभक्ति और उनकी कुर्बानी झालदा के लोगों के लिए सदैव गर्व का विषय रहेगी। शोक की इस घड़ी में, फाउंडेशन ने शहीद के दोनों बच्चों की शिक्षा निःशुल्क रूप से दिलवाने का निर्णय लिया है, जो पुरुलिया स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में होगी। कुशल एजुकेशन फाउंडेशन के निदेशक कुशल अग्रवाल ने शहीद के परिवार से मिलकर इस निर्णय की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा और संपूर्ण सहयोग दिया जाएगा। संस्था की यह पहल शिक्षा के माध्यम से शहीद परिवार के प्रति कृतज्ञता की मिसाल है।

### दक्षिण बंगाल वाणिज्यिक एवं औद्योगिक चेंबर ने शहीद आईबी ऑफिसर मनीष रंजन मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए पुरुलिया जिले के झालदा निवासी आईबी ऑफिसर मनीष रंजन मिश्रा की असामयिक और दुखद मृत्यु पर साउथ बेंगाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने गहरा शोक व्यक्त किया है। चेंबर की ओर से उपाध्यक्ष मनोज फोगला ने शहीद मिश्रा के पिता, अवकाश प्राप्त प्रधान शिक्षक मंगलेश मिश्रा को एक पत्र लिखकर संवेदना जताई और कहा कि इस नृशंस घटना से समूचा झालदा शहर स्तब्ध और दुखी है। पत्र में उन्होंने मनीष रंजन मिश्रा को एक प्रतिभाशाली और समर्पित अधिकारी बताते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति कहा। साथ ही, शहीद परिवार को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया गया। चेंबर ने इस दुखद घड़ी में परिवार के साथ एकजुटता प्रकट करते हुए अपने समर्थन की प्रतिबद्धता दोहराई है।



## एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल ने साझा की मुश्किल वक्त में खुद को संभालने की प्रेरणादायक कहानी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में एक चर्चा सत्र के दौरान दिल्ली की लक्ष्मी अग्रवाल ने अपने ऊपर हुए एसिड हमले की घटना साझा की और बताया कि कैसे उन्हें समाज की बेरुखी और बहिष्कार से जूझते हुए कई साल गुज़ारने पड़े। उस कठिन दौर से उबरकर आज वे एक स्वस्थ और प्रेरणादायक जीवन जी रही हैं, और अब दूसरी पीड़ितों के लिए एक मजबूत सहारा बन चुकी हैं ताकि किसी और को उनके जैसे दर्द से न गुजरना पड़े। यह कार्यक्रम 'बियॉन्ड द बर्न' विषय पर आयोजित किया गया था, जिसका आयोजन आयकर विभाग पश्चिम बंगाल और सिक्किम क्षेत्र तथा रेवेन्यू ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में लक्ष्मी अग्रवाल ने बताया कि कैसे उन्होंने संघर्ष करते हुए खुद को फिर से खड़ा किया और आज वो एसिड अटैक पीड़ितों के हक के लिए आवाज उठा रही हैं।

## दोस्त को जन्मदिन पर बुलाकर हत्या की कोशिश, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**पूर्व वर्दवान :** पूर्व वर्दवान जिले के कालना इलाके में एक सनसनीखेज घटना सामने आयी है। जहां एक युवक ने अपने दोस्त को जन्मदिन पर बुलाकर हत्या करने की कोशिश की। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए कालना महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की पहचान अमरेश्वर दे के रूप में हुई है। यह घटना कालना शहर के योगीपाड़ा इलाके में शुक्रवार रात को हुई। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, अमरेश्वर ने पापाई घोष से कुछ पैसे उधार लिए थे, लेकिन वह कई दिनों से पैसे वापस नहीं कर पा रहा था। इसी कारण दोनों के बीच तनाव बढ़ा था। आरोप है कि पापाई ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अमरेश्वर को अपने घर बुलाया। वहां शराब पीने के बाद पापाई ने अमरेश्वर की गर्दन पर हमला कर दिया और उसे मौत के घाट उतारने की कोशिश की। इस मामले में आरोपितों से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। घटना के बाद, घायल युवक के परिवार ने कालना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि हालांकि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन शिकायत दर्ज होने पर जांच शुरू की जाएगी।



## जलपाईगुड़ी में आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

❑ **पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल फोन समेत कई सामान किए बरामद**

**जलपाईगुड़ी :** जलपाईगुड़ी जिला पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को जलपाईगुड़ी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सट्टेबाजी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटनाक्रम शनिवार की शाम को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले महत्वपूर्ण आईपीएल मैच से कुछ घंटे पहले हुआ। इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान मिलन सेन (28) और मृण्मय सेन (21) के रूप में हुई है। वे जलपाईगुड़ी शहर के सेनपारा इलाके में स्थित एक साइबर कैफे से काम कर रहे थे। उनके पास से दो स्मार्टफोन, एक पर्सनल कंप्यूटर और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। मिलन जलपाईगुड़ी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डेटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में भी कार्यरत हैं। जलपाईगुड़ी जिला पुलिस अधीक्षक उमेश खंडेलवाल ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को उनके सूत्रों से सूचना मिली थी कि उक्त साइबर कैफे से मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से आईपीएल सट्टेबाजी की जा रही थी। खंडेलवाल ने बताया कि इसके बाद, स्थानीय पुलिस थाने की पुलिस ने उक्त साइबर कैफे में अचानक छापेमारी की और दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस बीच, एक अन्य जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि साइबर कैफे में पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने सट्टेबाजी के धंधे में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और यह भी पुष्टि की कि पश्चिम बंगाल के अन्य इलाकों में भी इस धंधे में उनके अन्य साथी शामिल हैं। बाद में, जब्त मोबाइल फोन और पर्सनल कंप्यूटर की जांच से भी आरोपियों द्वारा दिए गए बयानों की पुष्टि हुई। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 (धोखाधड़ी के लिए दंड) और सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को आज जिले की निचली अदालत में पेश किया जाएगा।



## सियालदह मंडल ने बारासात व बहरामपुर कोर्ट स्टेशनों पर चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल द्वारा शनिवार को बारासात और बहरामपुर कोर्ट स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्टेशन परिसरों में स्वच्छता और पर्यावरणीय साफ-सफाई को लेकर यात्रियों व विक्रेताओं के बीच जागरूकता फैलाना था। अभियान में वाणिज्य, स्वास्थ्य, तथा पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभागों के साथ-साथ स्टेशन अधीक्षक, स्टेशन मास्टर, आरपीएफ, स्वास्थ्यकर्मी व सफाईकर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ स्टेशन, हरित राष्ट्र की थीम पर संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जहां विक्रेताओं को स्टॉल के आसपास सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए और यात्रियों से आग्रह किया गया कि वे कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। इस अभियान में साफ-सफाई के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

# बेलूड़ में पिता-पुत्र की रहस्यमय मौत, घर के अंदर बेटे की लाश और बाहर पेड़ से लटका मिला पिता का शव



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बेलूड़ थाना अंतर्गत ठाकुरपुकुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह पिता पुत्र का साथ मिलने से सनसनी फैल गई। घर के अंदर युवक की लाश जमीन पर पड़ी मिली, जबकि कुछ ही दूरी पर एक पेड़ से उसके वृद्ध पिता का शव लटका मिला। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान सुभाष पाल (75) और उनके बेटे अजीत पाल (28) के रूप में हुई है। बताया गया कि इस दिन, सुबह में कुछ स्थानीय लोग जब टहलने निकले तो उन्होंने पास के एक पेड़ से एक बुजुर्ग का शव लटका देखा। शोर मचते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई। जब शव की पहचान हुई तो कुछ लोग सुभाष के घर खबर देने पहुंचे। लेकिन घर का नज़ारा देखकर सब सन्न रह गए। घर के अंदर फर्श पर अजीत का शव पड़ा था, जिसके गले में गमछा बंधा हुआ था। पुलिस को शक है कि युवक ने पहले घर के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या की और उसके बाद यह दृश्य देखकर पिता ने भी खुद को पेड़ से लटका लिया। मौके पर पहुंची बेलूड़ थाने की पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में पुलिस का मानना है कि दोनों ने पारिवारिक तनाव के चलते आत्महत्या की है। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की असली वजह क्या थी, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने इस दोहरी मौत के मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पड़ोसियों के अनुसार, सुभाष की पत्नी का निधन करीब एक साल पहले हो गया था। तब से घर में केवल सुभाष और उनका बेटा अजीत ही रह रहे थे। अजीत एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। दोनों के व्यवहार में हाल के दिनों में कोई असामान्य बात नज़र नहीं आई थी, इसलिए यह घटना सभी के लिए चौंकाने वाली है। पुलिस अब परिवारिक पृष्ठभूमि, मानसिक तनाव और आत्महत्या की संभावित वजहों की गहराई से जांच कर रही है। दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजहों पर कुछ स्पष्टता आ सकेगी।

## बागदा में अभिषेक बनर्जी के नाम पर लाखों की ठगी, फर्जी शतरंज खिलाड़ी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बागदा में अभिषेक बनर्जी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने प्रकाश राय नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो खुद को राष्ट्रीय स्तर का शतरंज खिलाड़ी बताकर इलाके में सक्रिय था। आरोपी ने दावा किया था कि उसे तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भेजा है और इसी आधार पर उसने बीडीओ सहित कई तृणमूल नेताओं से आर्थिक मदद ली। प्रकाश राय हाबरा थाना अंतर्गत अकरमपुर इलाके का निवासी है। उसने खुद को एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताकर बागदा में पहचान बनाई और बताया कि वह अभिषेक बनर्जी के करीबी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उसने इन झूठे दावे के जरिए पांच से दस लाख रुपये तक की रकम विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से वसूली। जब लंबे समय तक वह इसी तरह आर्थिक सहायता मांगता रहा, तो स्थानीय नेताओं को शक हुआ। जांच में पता चला कि उसने कई पंचायत, पंचायत समिति और ब्लॉक प्रशासन के अधिकारियों को भी निशाना बनाया था। इस पर बागदा ब्लॉक अधिकारी रसुन प्रमाणिक ने उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

बागदा पंचायत प्रमुख संजीत सरदार ने भी बताया कि प्रकाश राय ने खुद को शतरंज खिलाड़ी बताते हुए मदद मांगी थी और अभिषेक बनर्जी का नाम लिया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रकाश राय को गिरफ्तार कर शनिवार को बनगांव महकमा अदालत में पेश किया। पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इस फर्जीवाड़े के उजागर होते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

### दुर्लभ कछुओं के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के लिलुआ थाने की पुलिस ने दुर्लभ कछुओं की तस्करी करने से पहले एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्करी की गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार की दोपहर लिलुआ स्टेशन के बाहर घात लगाकर इंतजार किया। इस दौरान एक अभियान चलाकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके बैग से 35 दुर्लभ कछुए बरामद किए गए। इन कछुओं को वन विभाग को सौंप दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, कछुओं की तस्करी वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक बड़ा खतरा है, और तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 35,577 करोड़ रुपए का न्यू बिज़नेस प्रीमियम दर्ज किया

**नई दिल्ली :** देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 35,577 करोड़ रुपए का न्यू बिज़नेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए यह 38,238 करोड़ रुपए था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में नियमित प्रीमियम में 11% की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का सुरक्षा न्यू बिज़नेस प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 4,095 करोड़ रुपए रहा। प्रोटेक्शन इंडिविडुअल न्यू बिज़नेस प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 793 करोड़ रुपए रहा। इंडिविडुअल न्यू बिज़नेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में 11% वृद्धि के साथ 26,360 करोड़ रुपए रहा।

### अगले 1 महीने तक हर रात 7 घंटे के लिए बंद रहेगा 'मा' फ्लाईओवर

**कोलकाता :** 'मा' फ्लाईओवर अगले एक महीने तक प्रतिदिन 7 घंटे के लिए बंद रहेगा। कोलकाता पुलिस के ट्रैफिक विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। निर्णय के अनुसार, 28 अप्रैल से 27 मई तक हर रात 'मा' फ्लाईओवर आंशिक रूप से बंद रहेगा। नोटिस में कहा गया है कि साइंस सिटी से पीटीएस (पुलिस ट्रेनिंग स्कूल) की ओर जाने वाला हिस्सा बंद रहेगा। रोज रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक फ्लाईओवर पर वाहन चलना प्रतिबंधित रहेगा। यह बंदी फ्लाईओवर के रखरखाव और मरम्मत कार्य के लिए की जा रही है। कोलकाता पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग भी तय किए हैं। ईएम बाइपास से कोलकाता की ओर जाने वाले वाहन परमा आइलैंड, पीसी कनेक्टर, 4 नंबर ब्रिज, न्यू पार्क स्ट्रीट, कांग्रेस एग्जिबिशन रोड, आमिर अली एवेन्यू होते हुए एजीसी (एजेसी) फ्लाईओवर के रास्ते अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे।

## शालीमार स्टेशन से जाली नोटों के साथ तस्कर गिरफ्तार, मुंबई ले जाने की थी योजना



**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को शालीमार रेलवे स्टेशन से जाली भारतीय मुद्रा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम सौमेन पाल (33) है, जो मुर्शिदाबाद जिले के दौलताबाद इलाके का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित सौमेन पाल मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने के लिए ट्रेन पकड़ने वाला था। लेकिन उससे पहले ही एसटीएफ की टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से भारी मात्रा में जाली भारतीय नोट बरामद किए गए, जो सभी 500 के नोटों में हैं। बरामद जाली नोटों का कुल अंकित मूल्य 2.80 लाख रुपये है। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि उसने ये जाली नोट मुर्शिदाबाद से अपने स्रोत से हासिल किए थे। योजना थी कि शालीमार स्टेशन से ट्रेन पकड़कर मुंबई जाकर वहां अपने संपर्क सूत्रों को ये नकली नोट सौंपे और इसके बदले मुनाफा कमाए। इस मामले में शालीमार जीआरपी थाना में एक मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मामले की गहन

## मालदह में युवक की हत्या के बाद साजिश का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**मालदह :** मालदह जिले के सेंदेरपुर इलाके में रात के समय गांव की पहरेदारी के दौरान एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना मंगलवार रात की है जब कुछ अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर शिबू उर्फ निमाई मंडल की हत्या कर दी। इस हमले में दो अन्य ग्रामीण भी घायल हो गए। मामले की जांच करते हुए इंग्लिशबाजार थाना पुलिस ने दो आरोपियों– विश्वजीत रविदास और उत्तम घोष को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गलती से शिबू की हत्या कर दी। हमले के वक्त शिबू को बचाने के लिए पहुंचे सूरज मंडल और एक अन्य ग्रामीण पर भी हमला किया गया था।

पुलिस का दावा है कि हत्या के बाद आरोपियों ने पूरे घटनाक्रम की दिशा मोड़ने की कोशिश की। उन्होंने गांववालों को गुमराह कर अगले दिन सुबह उनके साथ मिलकर मालदह–मानिकचक राज्य सड़क पर जाम लगाया और प्रदर्शन किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने साजिश के तहत न सिर्फ मामले की दिशा भटकाई, बल्कि पुलिस पर पथराव की योजना भी बनाई थी। हालांकि पुलिस अब तक यह स्पष्ट नहीं कर सकी है कि उनका असली निशाना कौन था और वे उस रात वहां क्या कर रहे थे। घटना के बाद बुधवार को पूरे इलाके में तनाव फैल गया। ग्रामीणों ने पुलिस की निष्क्रियता का आरोप लगाकर सड़क जाम किया। जाम हटाने के प्रयास में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई, जिसमें गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई और पुलिस पर ईंट–पत्थर चलाए गए। करीब आठ घंटे चले इस बवाल के बाद पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर हालात पर काबू पाया। पुलिस का मानना है कि यह सब घटनाक्रम गिरफ्तार आरोपियों की पूर्वनियोजित साजिश का हिस्सा था। दोनों आरोपियों को बुधवार को मालदह अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## मुर्शिदाबाद में 300 दुकानें और घर क्षतिग्रस्त, विस्तृत रिपोर्ट जमा



**मुर्शिदाबाद :** जिले के धुलियान और शमशेरगंज इलाकों में हाल ही में हुई अशांति के बाद हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट जिला प्रशासन ने राज्य के पंचायत विभाग को सौंप दी है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन इलाकों में करीब 300 दुकानें और घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई मामलों में एक ही व्यक्ति के घर और दुकान दोनों ही तोड़फोड़ का शिकार हुए हैं। नबन्ना सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अगले सप्ताह की शुरुआत में पंचायत विभाग मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन को 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना के तहत पहली किस्त की राशि भेजेगा। इसके बाद जिला प्रशासन उस धनराशि को चरणबद्ध तरीके से प्रभावित लोगों तक पहुंचाएगा। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि क्षतिग्रस्त लोगों की सूची तैयार करने और वित्तीय सहायता प्रक्रिया को अंतिम रूप देने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। प्रभावित लोगों को कब तक सरकारी सहायता की राशि मिलेगी, इस पर अंतिम निर्णय जिला प्रशासन द्वारा लिया जाएगा। हालांकि, घटना के बाद प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और मुख्यमंत्री की सीधी निगरानी के चलते स्थानीय निवासियों का मानना है कि हालात जल्द ही सामान्य हो पाएंगे।

## बीएसएफ के पूर्वी कमान मुख्यालय में वार्षिक चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन

❑ **सम्मेलन ने महत्वपूर्ण चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर विशेषज्ञों ने की चर्चा**




**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्वी कमान मुख्यालय, कोलकाता में शुक्रवार को एक दिवसीय वार्षिक चिकित्सा सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन और अध्यक्षता डॉ. विनोद कुमार, एडीजी (चिकित्सा), सीएपीएफ, एनएसजी और एआर (नई दिल्ली) ने की। सम्मेलन में बीएसएफ पूर्वी कमान के एडीजी रवि गांधी, आइजी मेडिकल (पूर्वी कमान) डा आशीष कुमार सहित बीएसएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, प्रतिष्ठित चिकित्सा पेशेवर और सीएपीएफ के चिकित्सा बिरादरी के सदस्य उपस्थित थे। बीएसएफ द्वारा एक बयान में बताया गया कि इस सम्मेलन ने विभिन्न सुरक्षा बलों में सेवारत स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया, जहां उन्होंने एक साथ आकर कर्मियों को प्रभावित करने वाले कुछ सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। प्रख्यात वक्ताओं और विशेषज्ञों ने अपनी विशेषज्ञता साझा की, विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के एक मजबूत आदान–प्रदान को बढ़ावा दिया जो सशस्त्र बलों के भीतर आधुनिक चिकित्सा सहायता प्रणालियों को आकार देने में सहायक हैं। सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण और समकालीन चिकित्सा विषयों पर गहन चर्चा की गई, जिनमें वर्तमान समाज में युवा वयस्कों में व्यक्तित्व विकार, विशेष रूप से आत्महत्या की प्रवृत्ति की बढ़ती घटनाएं शामिल हैं। सम्मेलन में कार्डियोवैस्कुलर पतन, हृदय गति रुकना और अचानक हर्ट अटैक से होने वाली मृत्यु, रोकथाम और शीघ्र निदान पर जोर दिया गया। स्तन कैंसर के प्रबंधन में हाल की प्रगति, जिसमें शल्य चिकित्सा और प्रणालीगत दोनों दृष्टिकोण शामिल हैं, इसपर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन ने उपस्थित पेशेवरों के बीच सार्थक चर्चाओं को जन्म दिया, जिससे बीएसएफ चिकित्सा सेवाओं की प्रतिबद्धता को लगातार विकसित करने और आधुनिक समय की चुनौतियों के साथ तालमेल रखने की प्रतिबद्धता को बल मिला। बीएसएफ के एडीजी रवि गांधी ने समापन भाषण दिया। उन्होंने डा विनोद कुमार, एडीजी (मेडिकल), सीएपीएफ, एनएसजी को उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए सम्मान और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में एक विशेष स्मृति चिह्न भेंट किया। डा आशीष कुमार, आइजी (मेडिकल) ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कोलकाता में पुनर्निर्मित जूट हाउस का किया उद्घाटन




**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को यहां इंडिया एक्सचेंज प्लेस में पुनर्निर्मित जूट हाउस का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट के मौन के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान जूट उद्योग से संबंधित प्रमुख मुद्दे उठाए गए, जिनमें फसल में गिरावट, बांग्लादेश से कच्चे जूट का अनियंत्रित आयात और फाइबर के लिए मानकीकृत ग्रेडिंग प्रणाली का अभाव शामिल है। एक बयान में कहा गया कि इस अवसर सिंह ने आश्वासन दिया कि केंद्र इस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हावड़ा में एक मई से पेयजल आपूर्ति का समय बदला



**हावड़ा, समाज्ञा :** गर्मी के मौसम में पेयजल की बढ़ती मांग को देखते हुए हावड़ा नगर निगम ने एक मई से पेयजल आपूर्ति का समय बदलने का फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार, निगम के सभी 50 वार्डों में एक मई से पानी सुबह 6 से 8 बजे तक, दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक और शाम 7:30 बजे से रात 9:30 बजे तक पेयजल आपूर्ति होगी।



**ब्रह्मर्षि भाटपाड़ा की बैठक गुरुवार को डॉ. विनोद कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से परशुराम जयंती ब्रह्मर्षि कोलकाता के बैनर तले हावड़ा जिले में मानने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति हुई। इस बैठक में उनके अलावा ब्रह्मर्षि कोलकाता के अध्यक्ष विजय कुमार पांडे, जनार्दन राय, रमाशंकर पांडे, जतिन कुमार शुक्ला, श्याम नारायण चौधरी और मनु मिश्रा और अन्य उपस्थित हुए।**

## कुमारसभा ने पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में जघन्य आक्रमण में शहीद हुए पर्यटकों एवं शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुस्तकालय अध्यक्ष श्री महावीर बजाज ने आतंकवाद से जुड़े उन सभी निर्लज व्यक्तियों की भत्र्सना की जो ऐसे हिंसक कुकृत्यों से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़े हैं या इसका समर्थन करते है। यह सम्पूर्ण मानवता को उद्वेलित करने वाली घटना है जिसका प्रतिवाद करना आवश्यक है।

मंत्री बंशीधर शर्मा ने कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता करते हुए ओज और तेज के कवि श्री रविप्रताप सिंह ने बताया कि यह अप्रत्याशित घटना है, कुपित है अत: हमें संगठित होने की आवश्यकता है। श्रद्धांजलि सभा में सर्वश्री भागीरथ चांडक, सीताराम तिवाड़ी, डॉ. कमल कुमार, रामचन्द्र अग्रवाल, ललित तोदी, प्रदीप धानुका, ओमप्रकाश चौबे, नाथुराम गुप्ता, कालिका प्रसाद उपाध्याय, चन्द्रकुमार जैन, सत्यप्रकाश राय, तेजबहादुर सिंह, मनीष जैन, श्रीमोहन तिवारी, अरविन्द तिवारी, जीवन सिंह, बृजेन्द्र पटेल, रमाकांत सिन्हा, राजाराम बिहानी की उपस्थिति रही।

## न्यू फरक्का स्टेशन पर संदिग्ध युवक की तलाशी में बरामद हुआ हथियार, जीआरपी ने किया गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के न्यू फरक्का रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर जीआरपी ने बड़ी कामयाबी हासिल की। जानकारी के अनुसार, न्यू फरक्का स्टेशन पर तैनात ओसी सुबोध भकत की नजर सबसे पहले संदिग्ध युवक पर पड़ी थी। संदेह के आधार पर उन्होंने युवक को रोका और पूछताछ की। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें हथियार और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान मिले। युवक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मालदह रेंज के जीआरपी डीएसआरपी परिजात सरकार और जीआरपी के आईसी प्रशांत राय भी घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल जीआरपी ने गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान गोपनीय रखी है। न्यू फरक्का जीआरपी इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## 'द हेरिटेज अकादमी' के मीडिया मोसाइक 2025 में सौरभ शुक्ला ने छात्रों को किया प्रेरित





**कोलकाता, समाज्ञा :** 'द हेरिटेज अकादमी' के वार्षिक कार्यक्रम मीडिया मोसाइक 2025 के अंतर्गत आयोजित फिल्म फेस्टिवल में फिल्म जगत और शिक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता, पटकथा लेखक और निर्देशक सौरभ शुक्ला ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों के साथ एक प्रेरणादायक संवाद किया। फिल्म्स एंड बियोंड नामक सत्र में शुक्ला जी ने फिल्म निर्माता जुड़जीत सरकार के साथ मिलकर भारतीय सिनेमा की वर्तमान दिशा, बदलते कंटेंट, नए प्लेटफॉर्म और मनोरंजन उद्योग की चुनौतियों पर गहन चर्चा की। ऑडिटोरियम में छात्रों का उत्साह चरम पर था जब उन्होंने सत्या, बर्फी!, पीके और लगे रहो मुन्ना भाई जैसी फिल्मों से जुड़े अनुभव साझा किए।

इस आयोजन में कोलकाता के कई प्रतिष्ठित कॉलेजों ने भाग लिया, जिनमें टेक्नो इंडिया, सेंट जेवियर्स, हेरिटेज लॉ कॉलेज आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में छात्रों को न केवल फिल्म निर्माण, पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया की बारीकियों से रूबरू कराया गया, बल्कि सौरभ शुक्ला द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। मीडिया विज्ञान विभाग की डीन डॉ. माधुपा बक्षी ने कहा, सिनेमा केवल मनोरंजन नहीं, विचारों और संस्कृति का वाहक है। सौरभ शुक्ला की मौजूदगी ने छात्रों को इस माध्यम की गहराई समझने में मदद की। कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित किया कि 'द हेरिटेज अकादमी' शिक्षा और रचनात्मकता के संगम का जीवंत केंद्र है।


## पारिवारिक विवाद में एक व्यापारी की हत्या की कोशिश, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

टीटागढ़ के एमजी रोड इलाके में शनिवार को पारिवारिक विवाद में एक व्यापारी के पेट में चाकू घोंपकर हत्या करने की कोशिश का मामला सामने आया है। घायल का नाम पप्पू साव (48) है। उनका इलाज कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में चल रहा है। उनके दो रिश्तेदारों, भाइयों राजेंद्र साव और राजकुमार साव पर हत्या की कोशिश के आरोप लगाए गए हैं। स्थानीय और पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, पप्पू और उसके रिश्तेदार राजेंद्र और राजकुमार के बीच काफी समय से मनमुटाव चल रहा है। टीटागढ़ बउबाजार में पप्पू मसाला की दुकान है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में दुकान बंद करके घर लौटते समय पप्पू का अपने दो रिश्तेदारों, राजेंद्र और राजकुमार, से संपत्ति को लेकर झगड़ा हो गया।

कथित तौर पर, बहस के दौरान, उन्होंने पप्पू के पेट में चाकू घोंप दिया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने लहूलुहान हालत में पप्पू को बचाया और पहले उसे बैरकपुर बीएन बसु उपजिला अस्पताल ले गए। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पहले कमरहट्टी के सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज अस्पताल और फिर आरजीकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। राजकुमार की तलाश जारी है।

## ट्यूशन से घर लौट रही आठवीं कक्षा की छात्रा को वैन ने मारी टक्कर, हुई मौत




**मुर्शिदाबाद :** ट्यूशन से घर लौटते वक्त एक मोटर वैन की टक्कर से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले के रानीनगर थाना अंतर्गत चोयापाड़ा मोड़ के पास हुआ। पुलिस के अनुसार मृत छात्रा का नाम तमन्ना नस्रीन (13) था। जो अमीराबाद हाई मदरसा में आठवीं कक्षा की छात्रा थी। वह इस्लामपुर थाना क्षेत्र के दाराकाटी इलाके की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार, शनिवार को वह चोयापाड़ा इलाके में ट्यूशन पढ़ने गई थी। ट्यूशन खत्म होने के बाद वह वहीं स्थित अपनी दादी के घर एक समारोह में शामिल होने के लिए साइकिल से जा रही थी। उसी दौरान एक मोटर वैन अचानक नियंत्रण खो बैठा और सीधे छात्रा को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत छात्रा को गोधनपाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही रानीनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाने ले गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लालबाग महकमा अस्पताल भेज दिया है। इस मामले की जांच जारी है।

# कालाहस्ती मंदिर

## हमारी अनजानी धरोहर 67



डॉ. एस. के. सैनी

श्री कालाहस्ती मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तौड़ जिला में श्री कालाहस्ती नामक स्थल पर है। यह आंध्र प्रदेश के विश्व विख्यात मंदिर श्री तिरुपति बालाजी मंदिर से 42 किलोमीटर दूर है यहां लगभग 1 घंटे में पहुंचा जा सकता है लोग पहले तिरुपति में श्री बालाजी के दर्शन करते हैं और उसके पश्चात श्री कालाहस्ती में श्री कलहस्तिश्वर मंदिर के दर्शन करते हैं जो भगवान शिव को समर्पित है। जिस तरह से उत्तरी भारत में राहु केतु की पूजा और ग्रहों की शांति के लिए कालसर्प योग की शांति के लिए लोग उज्जैन में महाकाल के मंदिर में जाते हैं अथवा नासिक में श्री त्रिंबकेश्वर क्षेत्र में जाकर के और वहां पर कालसर्प योग की शांति हेतु पूजा अनुष्ठान करवाते हैं इस तरह से राहु केतु ग्रहण की शांति है तो दक्षिण भारत के लोग श्री कलहस्तिष्वर मंदिर में जाकर के और वहां पर इन दोनों ग्रहों की शांति करवाते हैं और पूजा अर्चना करते हैं।

श्री कलहस्तिश्वर मंदिर का निर्माण 1516 में विजयनगर साम्राज्य के महान प्रतापी राजा कृष्णदेव राय ने करवाया था।

कहते हैं कि मोक्ष की प्राप्ति के लिए एक दंत कथा है कि यहां पर अर्थात इस स्थल पर एक मकड़ी और एक सांप तथा एक हाथी तीनों मिलकर के तपस्या करते थे भगवान शिव से मोक्ष की प्राप्ति के लिए इसीलिए इस मंदिर का नाम कलहस्ती ईश्वर मंदिर रखा गया श्री काला हस्तिवर मंदिर श्रवण मुखी नदी के किनारे बनाया गया है



यह मंदिर श्वेत रंग के पत्थर के बने हुए शिवलिंग को अपने में समय हुए हैं कहते हैं कि उसके आसपास कपूर जलाकर पूजा की जाती हैं किंतु फिर भी कभी उसके चिन्ह शिवलिंग पर नहीं आते हैं यह मंदिर दक्षिण मुखी है इस शिवलिंग को वायु शिवलिंग भी कहा जाता है इस मंदिर के पास में दो तालाब हैं चंद्र पुष्कर्णी एवं सूर्य पुष्करणी।

इस मंदिर में पंचमहाभूतों की पूजा होती है जिसमें वायु प्रमुख है। अन्य देवताओं जैसे गणेश अन्नपूर्णा पार्वती के मंदिर भी हैं एक दंत कथा के अनुसार एक शिकारी का नापा बाद में शिव का परम भक्त हो गया और शिवा की आंखों से रक्त छलकते देखकर उसने अपनी आंखें शिव को दान में देने के लिए निकलने का फैसला किया इस समय भगवान शिव उसकी भक्ति से प्रसन्न हुए और उसे आशीर्वाद दिया। कई धार्मिक ग्रंथो में भी श्री कालाहस्ती का वर्णन है कहते हैं कि यहां पर राहु केतु की पूजा शांति के उपरांत व्यक्ति की जन्म कुंडली के हिसाब से उसे यह दोनों दुष्ट ग्रह कभी बाकी जीवन में परेशान नहीं करते।

लोग कहते हैं कि संपूर्ण भारत में यही एकमात्र मंदिर है जो सूर्य और चंद्र ग्रहण के समय भी खुला रहता है बाकी मंदिर बंद हो जाते हैं।

# महत्वाकांक्षा का शिकार होती युवतियां



उषा जैन 'शीरीं'

महत्वाकांक्षा रखना और पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना बुरा नहीं है लेकिन इसके लिए जो रास्ता अपनाया जाता है वह अक्सर गलत होता है।

पुरूषों से होड़ करती, उन्हें नीचा दिखाने का प्रयत्न करतीं या उन्हें अपने प्रेमजाल में फंसाकर उंगलियों पर नचाने की ख़्वाहिश रखती ये युवतियां भूल जाती हैं कि पुरुष साइकोलॉजी कैसी है?

उच्च महत्वाकांक्षा दरअसल एक मानसिक रोग है। पहले भी था, आज भी है। औरतों में यह ज्यादा तबाही लाता है। पहले जब राजे महाराजाओं के जमाने थे, उच्च महत्वाकांक्षाओं को लेकर रानी महारानियां षडयंत्रा रच कर सत्ता हथियाना चाहती थी। राजा के दिल पर एकछत्रा राज्य कर दूसरी रानियों को कमतर बनाये रखने के लिए छल प्रपंच रचा करती या उन्हें मरवा देतीं।

आज उच्च महत्वाकांक्षा लिए युवतियां पुरूषों को अपनी सीढ़ी बना रही हैं अपनी जवानी और रूप प्रतिभा के जाल में फंसाकर। वे प्रतिभा का दुरूपयोग करने से नहीं चूकती।

महत्वाकांक्षाओं के आगे आज इन युवतियों के लिए चरित्रा गौण हो गया है। अपनी बहनों का हश्र देखकर भी वे कुछ सीखने समझने को तैयार नहीं।

देर रात तक क्लबों में शराब पीकर पराए मर्दों के साथ आलिंगनबद्ध होकर नाचना, उन्हें किस करके उनका एनिमल जगाना, फिर सती सावित्राी का ढोंग रचाकर उन्हें सीखचों के पीछे बंद कराने के लिए ज़मीन आसमान एक कर पब्लिसिटी बटोरना, टी वी में इंटरव्यू देना अपनी फोटो छपवाकर लोगों की सहानुभूति प्राप्त करना, ये युवतियां सारी संस्कृति दूषित कर रही हैं जिसका खामियाजा कुछ निरीह लड़कियों को भुगतना पड़ रहा है।

ये भटकी युवतियां पुरूष मानसिकता के साथ खिलवाड़ करने पर तुली हैं जिसका समाज पर जो असर पड़ रहा है आगे चलकर और भी प्रलयंकारी होगा।

औरत-औरत ही रहेगी, वो लाख ऊंची छलांगें लगाने की कोशिश कर ले। अभिसारिका बनकर वो कभी मेनका का रूप धरती है, कभी स्टिंग ऑपरेशन में जुट जाती है। अब उसका यही रूप ज्यादा मुखर हो रहा है।

यह कैसी नारी मुक्ति की उड़ान है। यह कैसा सशक्तिकरण है पुरूषों को सुधारने के लिये। पहले क्या उन्हें स्वयं नहीं सुधरना होगा। बेटे को अच्छे संस्कार एक अच्छी मां ही दे सकती है, महत्वाकांक्षाएं पूरी करने के लिए हर तरह से समझौता करने वाली घटिया मानसिकता रखने वाली स्त्रियां नहीं।

अपराधी को सजा देते हुए कानून ऐसी स्त्रियों को भी न बख़्शे, तभी पूर्ण न्याय होगा। ऐसी स्त्रियों को जिन्होंने पुरुष को अपराध के लिये उकसाया था और अब अपने को प्रताड़ित घोषित करती हैं, सजा मिलनी चाहिए। (उर्वशी)

# पेड़ों से दोस्ती



डॉ.मंजरी शुक्ला

पसीने में लथपथ अनुज पीठ पर भारी बस्ता टाँगे घर की ओर चला आ रहा था।

तभी उसे रास्ते में दादाजी दिखे तो छठा लिए उसी की ओर आ रहे थे। दादाजी को देखते ही अभी रुआंसां हो गया और बोला-आप बस वाले अंकल को क्यों नहीं कहते है कि बस घर के सामने ही रोका करे। इतनी तेज धूप में मुझसे बिलकुल भी नहीं चला जाता।

दादाजी ने अनुज के पसीने से भरे लाल होते मुँह को देखा और बोले-बस अगर स्टॉप की जगह सबके घर के सामने जाकर रुकेगी तो एक्सीडेंट का खतरा भी बढ़ जाएगा।

अनुज ये सुनकर चुप हो गया और गुस्से से बोला-और मैं तो इस धूप में एक दिन पापड़ बन जाऊँगा और फ़िर सब लोग मुझे तलकर खाएँगे।

दादाजी ये सुनकर ठहाका मारकर हँस दिए और उन्होंने अनुज के कंधे से बैग उतारकर खुद ही पकड़ लिया।

घर पहुँचकर अनुज ने गर्मी गर्मी करके सारा घर सिर पर उठा लिया।

मम्मी ने हँसते हुए कहा-तुम हाथ मुँह धोकर खाना खा लो। लू ना लग जाए इसलिए मैंने आज आम का पना भी बनाया है।

आम का पना...जल्दी दो, जल्दी दो कहते हुए अनुज मम्मी के चारों तरफ़ कूदने लगा।

दादाजी बोले-तुम खाना खा लो। फ़िर मैं तुम्हें एक जगह लेकर चलूँगा

मैं इतनी गर्मी में कहीं नहीं जाऊँगा। अनुज ने तुरंत जवाब दिया

तो मैं अकेले ही चला जाऊँगा। पर वो बहुत अच्छी जगह है। दादाजी ने मुस्कुराते हुए कहा


अनुज ने सोचा कि दादाजी शायद उसे उसका मनपसंद क्रिकेट बैट दिलवाने ले जा रहे हो और उसे सरप्राइज़ देना चाहते हो।

ठीक है दादाजी, मैं बह चलूँगा। कहते हुए अनुज हँस दिया

थोड़ी ही देर बाद दादाजी और अनुज चिलचिलाती धूप में चले जा रहे थे।

रास्ते में अनुज बोला-अच्छा हुआ, आपने ये छाता ले लिया वरना इस बार तो मैं समोसा बन जाता और सब मुझे तलकर खा लेते।

दादाजी हँसते हुए बोले-एक बात बताओ, हमेशा सब तुमको तलकर ही क्यों खाते है? कभी भूनने की बात भी किया करो।



हाँ...तो ये जो गर्मी है ना, उसमें तो ... कहते हुए अनुज ने अपने सिर के ऊपर से छाता हटाया और उसका मुँह आश्चर्य से खुला रह गया।

सड़क के दोनों ओर ऊंचे-ऊंचे घने पेड़ थे। पत्तों के झुरमुट से धूप की किरणें आ रही थी और हल्की-हल्की ठंडी हवा भी बह रही थी।

अनुज बोला-हमारे घर से सिर्फ़ एक किलोमीटर दूर पर ही ऐसा लग रहा है मानों हम दूसरे शहर में हों।

क्योंकि यहाँ के लोग अपने घरों के सामने लगे पेड़ों को अपना समझते है, उनमें पानी डालते है और उनकी देखभाल करते है।

अनुज बोला-पर हमने तो अपने घर के सामने लगे पेड़ों को हमेशा सड़क के ही पेड़ समझा और इसलिए कभी पानी नहीं दिया।

हाँ, और इसलिए हमारे मोहल्ले में इतनी चिलचिलाती हुई धूप और गर्म हवा हैं और छायादार वृक्ष तो एक भी नहीं है।

अब मैं आज शाम को जब पार्क में खेलने जाऊँगा तो अपने सभी दोस्तों को ये बात बताऊँगा। अनुज उत्साहित होते हुए बोला

दादाजी ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरा।

और आप ने तो बहुत बार मुझसे और मेरे दोस्तों के साथ साथ बहुत लोगो से कहा था कि घर के बाहर लगे पेड़ों को भी अपने घर के पेड़-पौधे ही समझो पर किसी ने आपकी बात पर ध्यान नहीं दिया। अनुज ने धीरे से कहा

दादाजी ने हँसते हुए कहा-तो अब ध्यान दे दो ताकि तुम्हें पापड़ और समोसा ना बनना पड़े।

दादाजी की बात सुनकर अनुज खिलखिलाकर हँस पड़ा।

अचानक ही धीरे से हवा चली और पेड़ हिल गए मानों अनुज के साथ साथ वे भी मुस्कुरा रहे हों।

# जब दो अजनबी मिल जाएं



भाषणा बांसल

अक्सर युवक युवतियां नौकरी या कैरियर के सिलसिले में बहुत-से नए लोगों से मिलते हैं। उनमें से अधिकतर अपोजिट सेक्स से फ्लर्ट करने की कोशिश करते हैं। कई बार इसके पीछे कोई गलत इरादा नहीं होता पर फिर भी आपको सचेत रहने की जरूरत है।

- मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि अजनबी लोगों से पहली बार मिलने पर यदि आप उनसे बहुत ज्यादा घुल-मिल कर बात करते हैं तो सामने वाला आपके खुलेपन को नेगेटिव रूप में मानकर सीमाएं पार कर सकता है, सो हल्की-फुल्की गपशप व हंसी-मजाक ही करें तो बेहतर है।
- अगर उसके फिगर, टेलेंट, लुक्स इत्यादि से काफी ज्यादा प्रभावित हैं तो भी उसे दर्शाए नहीं। कोई कमेंट पास करने से बचें।
- ऐसे टॉपिक पर बात करें जो आप दोनों में कॉमन हो। इससे आपसी बातचीत दिलचस्प होगी।
- पर्सनल बातें करने की भूल न करें। आपकी फैमिली के बारे में पूछा जाए तो बात बदल दें। कुछ लोग इमोशनल होकर सामने वाले पर ट्रस्ट कर बैठते हैं और अपने व परिवार के बारे में अच्छा-बुरा सब बयां कर देते हैं। ऐसा कदापि न करें क्योंकि आप उस अजनबी को पूर्ण रूप से जानते नहीं, सो विश्वास करने का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी कोई बात न करें जिसके लिए बाद में पछताना पड़े।
- उस पर अपना प्रभाव जमाने हेतु बढ़चढ़ कर बातें न करें।
- आप यह सोचकर उसके साथ अपनी फीलिंग्स शेयर न करें कि दोबारा उससे मिलेंगे नहीं। कभी भी, कहीं भी पुनः आपकी मुलाकात हो सकती है।
- वह आपको कहीं साथ-जाने का ऑफर दे तो नम्रतापूर्वक उससे 'सारी' कहें।
- बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें। उसके सामने लापरवाही से खड़े होना ठीक नहीं।
- यदि वह डबल मीनिंग में बात करें तो जल्द उससे विदा लेने के बारे में सोचें।
- अपने घर, ऑफिस का पता या पर्सनल कांटेक्ट नंबर उसे न ही दें तो बेहतर है।
- वापस जाने हेतु उससे लिफ्ट लेने या देने की गलती न करें।
- उसके बारे में कोई भी पूर्ण अनुमान लगाने से बचें। आजकल ऐसे बहुत-से लोग होते हैं जो ऊपर से कुछ और व अंदर से कुछ और होते हैं।
- सतर्क रहें ताकि बाद में आपको पछताना न पड़े।
- वह ड्रिंक ऑफर करे तो इसे न लेने में ही आपकी भलाई हैं। (उर्वशी)

# मेंहदी ऐसे रंग लाए

संजय कुमार 'सुमन'

हाथ पैरों में मेंहदी रचाने की परंपरा काफी पुरानी है। शादी के मौके पर दुल्हन के हाथों व पैरों में मेंहदी लगाकर उसके सोलह श्रृंगार पूर्ण किए जाते हैं। सच तो यह है कि मेंहदी एक ऐसी रस्म है जिसके दर्शन भारत में विद्यमान हर धर्म व जाति में हो जाते हैं।

सिर्फ शादी ही नहीं तीज-त्योहारों मांगलिक कार्यों के विशेष अवसर पर मेंहदी का महत्त्व श्रृंगार प्रसाधन के रूप में अत्यधिक बढ़ जाता है। सावन की बूंदा बांदी के बीच मेंहदी लगाने की होड़ लग जाती है। क्या बालिकाएं, क्या युवतियां और क्या सुहागिनें, सभी बहुत शौक से मेंहदी रचाती हैं। मेंहदी अब सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी काफी लोकप्रिय हो रही है।

मेंहदी सौभाग्य और सुखद भविष्य की सूचक मानी जाती है। मेंहदी लगाना विवाह का एक प्रमुख अंग है। विवाह के पहले एक पूरा दिन दुल्हन और रिश्तेदारों को मेंहदी लगाने के लिए आरक्षित होता है।

हाथों व पैरों पर मेंहदी रचाने के लिए आप घर में ही घोल तैयार कर सकती हैं। हमेशा ताजी हरी और खुशबुदार मेंहदी का ही प्रयोग करें। मेंहदी पाउडर को बारीक कपड़े से छान कर पानी से भिगोकर उसमें आधा चम्मच चीनी और दस बूंद मेंहदी का तेल जो बाजार में उपलब्ध होता है, को डालकर मिलाकर रखें। डेढ़ घंटे तक इस घोल को ढक कर रख दें।

मेंहदी का गाढ़ा पेस्ट बनाएं, जिसमें एक भी फुटकी न हो। घोल को अच्छी तरह फेंटकर प्लास्टिक के कोन में भरकर रबर लगाकर रख दें। मेंहदी लगाने के लिए आइसिंग कोन या टूथपिक की भी मदद ले सकते हैं। एक ही बार जरूरत भर कोन भरकर रख लें।

मेंहदी लगाने से पहले त्वचा को गर्म पानी और साबुन से अच्छी तरह धो कर साफ कर लें। फिर रूई को मिटटी के तेल में भिगोकर हथेली, पैर को पोंछ लें। मेंहदी लगाने से पहले उसकी डिजाइन की कागज पर प्रेक्टिस भी कर लें। मेंहदी अपने प्राकृतिक गुणों के कारण तुरंत ही रचने लगती है। जब मेंहदी से हथेलियां भर जाएं तो एक कटोरी में नींबू का रस और चीनी बराबर मात्रा में घोलकर घोल तैयार रखें।

मेंहदी लगाते-लगाते ही सूखती भी जाती है। जब मेंहदी अच्छी तरह सूख जाये तो नींबू चीनी के घोल को रूई के सहारे डिजाइन पर लगायें। जब लगे कि यह चटपटा घोल भी सूखने लगा है तो दस-पंद्रह मिनट बाद फिर यही घोल लगा दें। फिर जब मेंहदी अच्छी तरह सूख जाये तो मेंहदी पेस्ट को हटाने के लिए सरसों का तेल या ऑलिव ऑयल मलें। इसके बाद किसी लोहे के चाकू के उलटी तरफ से मेंहदी हटाएं। ध्यान रखें कि मेंहदी लगाने के कम से कम चार घंटे बाद ही साबुन का प्रयोग करें।

इसके अलावा मेंहदी में खूबसूरती व खुशबू के साथ साथ औषधीय गुण भी होते हैं। मेंहदी स्वभाव से शीतल होती है। हाथ पैर में जलन हो रही हो तो मेंहदी के पत्तों को पीसकर लगाने से राहत मिलती है। बालों के लिए तो यह वरदान ही है। इसे पीसकर बालों में लगाने से बाल मजबूत एवं सुंदर होते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि मेंहदी में खूबसूरती के साथ साथ अनेक गुण विद्यमान हैं। (उर्वशी)



# दीघा का सुपरस्टार- शेख शरीफ



त्रिलोक नाथ पांडेय



दीघा समुद्र तट की लहरें उस दिन कुछ ज्यादा ही बेचैन थीं। अप्रैल की गर्मी में ईस्टर की छुट्टियों का आलम था, और समुद्र किनारे सैलानियों की भीड़ उमड़ रही थी। सूरज ढल चुका था, और आसमान में अब नारंगी रंग की छटा सिमट रही थी। तभी एक छोटा- सा लड़का, मुश्किल से सात - आठ साल का, अपने कंधे पर एक छोटा सा थैला लटकाए, भीड़ में से रास्ता बनाता हुआ चला आ रहा था। उसकी आँखों में एक अजीब- सी चमक थी, होंठों पर हल्की मुस्कान, और चाल में ऐसा आत्मविश्वास, मानो वह इस समुद्र तट का राजा हो। उसका नाम था-शेख शरीफ।

शरीफ तीसरी कक्षा में पढ़ता था। दिन में स्कूल, और शाम को यही समुद्र तट उसका कर्मक्षेत्र बन जाता। उसके थैले में थीं सीपियों और मोतियों से बनी छोटी-छोटी बालियां, जो वह बड़ी शान से बेचता था। उसकी आव-ाज़ में एक अनोखी मिठास थी, और बात करने का ढंग ऐसा कि कोई भी उसकी ओर खिंचा चला आए।

लेखक अपने परिवार के साथ दीघा आए थे। उनकी पत्नी और दो बहनें समुद्र की लहरों के साथ खेल रही थीं, और वह खुद एक चट्टान पर बैठे सूर्यास्त का नज़ारा देख रहे थे। तभी उनकी नज़र शरीफ पर पड़ी। वह एक सैलानी जोड़े से कुछ कह रहा था, और उसकी बातों पर दोनों हंस-हंसकर लोटपोट हो रहे थे।

क्या बात है, इस बच्चे में! लेखक ने सोचा। उनकी उत्सुकता बढ़ी, और उन्होंने शरीफ को अपने पास बुलाया।

ए छोटे, इधर आ! क्या बेच रहा है? लेखक ने हल्के से मुस्कुराते हुए पूछा।

शरीफ ने पलटकर देखा, और एक पल में ही उसने लेखक को भांप लिया। वह दौड़ता हुआ आया और अपने थैले से एक जोड़ी सीपियों की बालियां निकालीं।

सर, ये देखिए! दीघा की सबसे खूबसूरत बालियां! आपकी मैडम के लिए परफेक्ट हैं। और हां, ये मैंने खुद बनाई हैं! शरीफ ने ऐसी शान से कहा, मानो वह कोई मशहूर डिजाइनर हो।

लेखक हंस पड़े। अच्छा, तूने बनाई? और ये आत्मविश्वास कहां से लाता है, छोटे?

शरीफ ने अपनी छाती ठोकते हुए कहा, सर, आत्मविश्वास तो मेरे खून में है! और हां, अगर आपको मेरी बातें पसंद आईं, तो मेरे लिए एक वीडियो बनाइए। मैं उसमें बोलूंगा, और आप उसे दुनिया को दिखाइए। लोग देखेंगे, लाइक करेंगे, शेयर करेंगे!

लेखक हैरान रह गए। इतनी छोटी उम्र में इतनी समझ! उन्होंने अपना फोन निकाला और शरीफ से कहा, ठीक है, बोल, क्या कहना चाहता है?

शरीफ ने एक बार अपने बाल संवारे, अपनी कमीज़ ठीक की, और फिर कैमरे की ओर देखकर बोलना शुरू किया।

हाय दोस्तों! मैं हूं शेख शरीफ, दीघा का सुपरस्टार! ये देखिए मेरी बनाई बालियां, समुद्र की सीपियों से। आप दीघा आएं, मुझसे मिलें, और मेरी बालियां खरीदें। और हां, मेरे इस वीडियो को लाइक करें, शेयर करें, और मेरे चैनल को सब्सक्राइब करें! उसने इतनी मासूमियत और जोश के साथ यह सब कहा कि लेखक की बहनें, जो पास ही खड़ी थीं, तालियां बजाने लगीं।

वाह, क्या बच्चा है! उनकी छोटी बहन ने कहा। भइया, इसे तो यू-ट्यूबर बन जाना चाहिए!

शरीफ ने उनकी बात सुनी और तपाक से बोला, दीदी, मैं बनूंगा भी! बस आप लोग सपोर्ट करो!

वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद लेखक ने शरीफ को अपने पास बिठाया। वह जानना चाहते थे कि इस छोटे से बच्चे के भीतर इतना साहस और उत्साह कहां से आता है।

शरीफ, तू इतना कॉन्फिडेंट कैसे है? स्कूल में क्या पढ़ता है? और ये सब तुझे कौन सिखाता है? उन्होंने पूछा।

शरीफ ने एक गहरी सांस ली और बोला, सर, मेरे अब्बू कहते हैं कि दुनिया में कोई काम छोटा-बड़ा नहीं होता। मैं स्कूल जाता हूं, पढ़ता हूं, लेकिन शाम को ये बालियां बेचता हूं ताकि मैं भी कुछ योगदान कर सकूं - घर चलाने में। और कॉन्फिडेंस? वो तो समुद्र से सीखा। लहरें कभी डरती नहीं, बार-बार आती हैं, टकराती हैं, और फिर वापस जाती हैं। मैं भी वैसे ही हूँ।

लेखक का दिल भर आया। उन्होंने शरीफ के सिर पर हाथ रखा और कहा, तू बहुत बड़ा आदमी बनेगा, शरीफ। लेकिन पढ़ाई मत छोड़ना।

शरीफ ने मुस्कुराते हुए कहा, सर, मैं पढ़ूँगा, और एक दिन दीघा का सबसे बड़ा बिजनेसमैन बनूँगा। फिर आपको अपनी दुकान पर बुलाऊंगा!

उस शाम, जब लेखक अपने परिवार के साथ होटल वापस लौटे, उनकी बहनों ने शरीफ के वीडियो को बार-बार देखा। उनकी पत्नी ने कहा, ये बच्चा तो हम सबके लिए एक सबक है। इतनी मुश्किलों में भी हंसना, सपने देखना, और मेहनत करना-ये कोई शरीफ से सीखे।

लेखक ने वह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, और देखते ही देखते वह वायरल हो गया। लोग शरीफ की मासूमियत, उसके साहस, और उसकी वाक्पटुता की तारीफ करने लगे। कई लोगों ने दीघा जाकर शरीफ से मिलने की इच्छा जताई, और कुछ ने तो उसकी पढ़ाई के लिए मदद की पेशकश भी की।

लेकिन शरीफ? वह वही था। हर शाम, उसी जोश के साथ, अपने थैले को कंधे पर लटकाए, समुद्र तट पर निकल पड़ता। उसके लिए जिंदगी एक खेल थी, और वह इसे पूरे दिल से खेल रहा था।

शरीफ की कहानी हमें बताती है कि साहस और आत्मविश्वास की कोई उम्र नहीं होती। परिस्थितियां चाहे जैसी हों, अगर दिल में लगन हो और आँखों में सपने, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। शेख शरीफ, एक छोटा- सा बच्चा, जिसने दीघा के समुद्र तट को अपनी कर्मभूमि बनाया, आज हम सबके लिए एक प्रेरणा है।

# रेसिपी कार्नर: चावल की कांजी






अप्रैल का महीना है और अभी से कई जगहों का पारा 40 डिग्री के पार होने लगा है। ऐसे में तेज धूप और गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग पेट की समस्याओं से परेशान रहते हैं। पेट खराब होने का सबसे आम कारण खराब खानपान होता है। ऐसे में हर किसी को इस मौसम में ऐसे पकवानों का सेवन शुरू करना चाहिए, जो शरीर को राहत पहुंचाए।

यहां हम एक ऐसे पकवान के बारे में आपको बताने जा रहे हैं, जिसका सेवन कई अभिनेत्रियां भी करती हैं। हम बात कर रहे हैं चावल की कांजी की, जिसे बनाना भी आसान है और इसके सेवन से आपको गर्मी से राहत मिलेगी। तो चलिए बिना देर करते हुए आपको ये बनाना बताते हैं।

**चावल की कांजी बनाने का सामान**

चावल - 1/2 कप
पानी - 3-4 कप
काला नमक या सेंधा नमक
थोड़ा सा दही (वैकल्पिक)
प्याज
हरी मिर्च
करी पत्ता

**विधि**

चावल की कांजी बनाने के लिए आपको सबसे पहले चावलों को अच्छी तरह से धो लेना है। इसे धोने के बाद एक बर्तन में लेकर पानी में पकाने के लिए रख देना है।

ध्यान रखें कि इसमें जो पानी है, उसे ही कांजी कहते हैं, इसलिए ये पतला ही होना चाहिए। यानी कि पानी उतना डालें कि चावल भी पक जाएं और उसमें सूप जैसा पानी भी बचा रहे। जब ये पर जाए तो इसे रातभर (8-12 घंटे) कमरे के तापमान पर ढककर रखें।

यदि आप चाहते हैं कि ये इसमें जल्दी फर्मेंटेशन हो जाए तो थोड़ा सा दही भी मिला सकते हैं। वैसे तो बिना दही से भी फर्मेंटेशन रातभर में हो जाता है।

रातभर भिगोने के बाद ये हल्की खट्टी हो जाएगी। इसके बाद पहले थोड़ा सा नमक डालें और इसमें बारीक कटा प्याज, हरी मिर्च या नींबू का रस भी डाल सकते हैं। प्याज बगैरह डालकर आप न सिर्फ इसका स्वाद बढ़ा सकते हैं, बल्कि इसके सेवन से भी गर्मी में आपको राहत मिलेगी।

**इन परेशानियों से मिलेगी राहत**

यदि गर्मी के मौसम में आप नियमित रूप से चावल की कांजी का सेवन करेंगे तो इससे न सिर्फ पाचन सुधरता है, बल्कि ये पेट को ठंडक देती है। चावल की कांजी आपको हीट स्ट्रोक से बचाती है। इसलिए हर दिन इसका सेवन करना शुरू कर दें।

# पंजाब किंग्स और केकेआर का मैच बारिश के कारण रद्द

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को यहां खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग मैच को तेज आंधी और बारिश के कारण रद्द कर दिया। मैच रद्द होने के कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। आंधी इतनी तेज थी कि मैदानकर्मियोंको मैदान को कवर्स से ढकने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। तेज हवा के कारण कुछ कवर्स फट गये और कुछ उड़कर बाउंड्री की तरफ चले गये। मैच रोके जाते समय केकेआर ने जीत के लिए 202 रन का पीछा करते हुए बिना किसी नुकसान के एक ओवर में सात रन बना लिये थे। उस समय सुनील नारायण चार और रहमानुल्लाह गुरबाज एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 83 जबकि प्रियांश आर्य ने 69 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी की टीम को शानदार शुरुआत दिलायी। पंजाब किंग्स ने चार विकेट पर 201 रन बनाये। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने 34 रन देकर दो विकेट लिये।




## कोहली को स्पिन के खिलाफ अतिरिक्त अभ्यास की जरूरत नहीं है: आरसीबी स्पिन कोच



**नयी दिल्ली :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी कोच मालोलन रंगराजन ने विराट कोहली के इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में स्पिनरों के खिलाफ बेहतर स्ट्राइक रेट पर कहा कि इस भारतीय सुपर स्टार को स्पिन के खिलाफ अपने खेल को निखारने के लिए अतिरिक्त घंटे लगाने की जरूरत नहीं है। आईपीएल में पहले भी बीच के ओवरों में कोहली के स्पिनरों के खिलाफ खेलने पर सवाल उठाए गए हैं लेकिन पिछले साल की बात करें तो मालोलन ने कहा कि कोहली को अलग थलग करना उचित नहीं है। मालोलन ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'पिछले सत्र में केवल विराट ही ऐसा नहीं थे जो वांछित स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी नहीं कर रहे थे। बल्कि यह पूरी टीम थी। इसलिए मुझे लगता है कि पूरी टीम के साथ हुआ। और यही हुआ। यह पहला भाग है।' उन्होंने कहा, 'दूसरा भाग व्यक्तिगत रूप से विराट कोहली के बारे में है। उन्हें बाएं हाथ के स्पिन और लेग स्पिन के खिलाफ अतिरिक्त अभ्यास करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने 20-25 वर्षों तक बल्लेबाजी की है।' मालोलन ने कहा, 'वह एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्हें बस यह तय करना है कि वह क्या करना चाहते हैं और किसी विशेष गेंदबाज से कैसे निपटना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'वह इतने लंबे समय से खेलने के बाद भी लगातार सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं।

## आरेडिका में अंतर विभागीय रेलवे वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 का समापन



**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में पांच दिवसीय आयोजित अंतर विभागीय रेलवे वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 का समापन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं उच्च अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एम एंड पी विभाग एवं लेखा विभाग के बीच खेला गया, जिसमें एम एंड पी विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से विजेता का खिताब जीता, जबकि लेखा विभाग की टीम उपविजेता रही।समापन समारोह में महाप्रबंधक महोदय ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल, मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, खेल-कूद विशेष अधिकारी पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुधा सिंह, खेलकूद संघ के सचिव एवं वित्त सलाहकार तथा मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार सहित संघ के सभी सदस्य, उच्चाधिकारी एवं कर्मचारीगण उप-स्थित रहे।

## केरल ब्लास्टर्स को हराकर मोहन बागान सुपर कप के सेमीफाइनल में पहुंचा



**भुवनेश्वर:** इंडियन सुपर लीग शील्ड और कप विजेता मोहन बागान सुपर जायंट (एमबीएसजी) ने शनिवार को केरल ब्लास्टर्स को 2-1 से हराकर सुपर कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुर्तगाल के डिफेंडर नूनो रीस को छोड़कर पूरी भारतीय टीम के साथ मैदान में उतरी एमबीएसजी ने सहल अब्दुल समद (22वें मिनट) और सुहैल अहमद भट (51वें मिनट) के जरिए दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। श्रीकुट्टन एमएस (90+4) ने आखिरी क्षणों में ब्लास्टर्स के लिए गोल किया लेकिन उनका प्रयास टीम के लिए सिर्फ सांत्वना ही साबित हुआ।

## फेयरप्ले ने अवैध आईपीएल स्ट्रीमिंग को सही दिखाने के लिए फिल्मी सितारों का सहारा लिया: ईडी

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने आरोपपत्र में कहा है कि 2023 में कथित रूप से आईपीएल मैचों के अवैध प्रसारण में लिप्त रही फेयरप्ले वेबसाइट ने 'वैधता और मुख्यधारा की स्वीकृति की धारणा बनाने' के लिए रणबीर कपूर और संजय दत्त जैसी शीर्ष हस्तियों को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। ईडी ने हाल में गिरफ्तार किए गए लोगों और घोटाले से जुड़ी फर्मों सहित 11 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया जिसमें चिराग शाह और चिंतन शाह भी शामिल हैं। वेबसाइट पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों को अवैध रूप से लाइवस्ट्रीम करने और प्रसारण अधिकार रखने वाले वायकॉम 18 को भारी व्यावसायिक नुकसान पहुंचाने का आरोप है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश ए सी डागा ने शुक्रवार को आरोपपत्र का संज्ञान लिया। ईडी द्वारा जांच किए जा रहे 'मनी लॉन्ड्रिंग' के मामला मुंबई पुलिस साइबर इकाई में हुई प्राथमिकी से शुरू हुआ जो वायकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत पर फेयरप्ले स्पोर्ट एलएलसी और अन्य के खिलाफ राजस्व की हानि के लिए दर्ज की गई थी। चार्जशीट में कहा गया है, 'फेयरप्ले ने एक विपणन रणनीति अपनाई जिसमें शीर्ष स्तर की मशहूर हस्तियों को ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया। इसने वैधता और मुख्यधारा की स्वीकृति की धारणा बनाई जिसने बड़ी संख्या में उपयोगकर्ताओं को आकर्षित किया।' मुंबई साइबर पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि कई शीर्ष भारतीय मशहूर हस्तियों ने भारत में फेयरप्ले ऐप का विज्ञापन और प्रचार किया। चार्जशीट में कहा गया है, 'सेलिब्रिटी अभिनेता - संजय दत्त, जैकलीन फर्नाडिज, रणबीर कपूर, वरुण धवन, श्रद्धा कपूर, कियारा आडवाणी के अलावा खिलाड़ी साइना नेहवाल, एमसी मैरीकॉम, मिताली राज और दक्षिण अफ्रीक के दो क्रिकेटर एबी डिविलियर्स और ग्रीम स्मिथ तथा गायक बादशाह को ब्रांड दूत बनाया गया।' इसमें कहा गया है कि इन मशहूर हस्तियों ने विदेशी संस्थाओं और भारतीय कंपनियों और फर्मों के साथ समझौता करके ऐप का विज्ञापन और प्रचार किया।

## सीएबी ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी

**कोलकाता :** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने शनिवार को यहां ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल मैच से पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति सम्मान और एकजुटता दिखाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मैच शुरू होने से पहले जान गंवाने वालों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखा गया। केकेआर और पीबीकेएस के खिलाड़ियों ने भी मैच के दौरान आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टियाँ बांधी थीं। इसके साथ ही मैच शुरू होने से पहले कई सालों से बजने वाली ईडन की पारंपरिक घंटी शनिवार को सम्मान के तौर पर नहीं बजाई गई। इस अवसर पर सीएबी के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली, सचिव नरेश ओझा, कोषाध्यक्ष प्रबीर चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव देवव्रत दास सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और पंजाब किंग्स के सहायक कोच ब्रैड हैडिन भी मौजूद थे। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के लोकप्रिय पर्यटन शहर पहलगाम के पास मंगलवार दोपहर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में 26 लोग मारे गए और कई घायल हुए। इसमें से अधिकतर पर्यटक थे।







वर्ष 10, पूर्णांक 4219 अंक 029, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in